दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-124 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 29 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00


भीम प्रज्ञा अलर्ट

'सम्मान पाने की सबसे सच्ची राह यह नहीं कि लोग हमें देखें, बल्कि यह है कि लोग हमारे कर्मों और चरित्र को याद रखें।'


गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880

Phone pe , G-pay
9983040937


## सम्पादकीय




एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937


मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा–सच्चे आत्मविश्वास की आधारशिला

आज के तेज़ी से बदलते दौर में जब सफलता को अक्सर धन, पद और बाहरी उपलब्धियों से मापा जाने लगा है, तब ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा में कई बार लोगों को यह भ्रम हो जाता है कि बेईमानी या शॉर्टकट अपनाकर जल्दी सफलता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन यह केवल एक क्षणिक भ्रम होता है, क्योंकि वास्तविक और स्थायी सफलता वही होती है जो नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्य के मार्ग पर चलकर प्राप्त की जाए। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत उसका आत्मविश्वास और आत्मसम्मान होता है। वह जानता है कि उसने अपने जीवन में जो भी प्राप्त किया है, वह उसकी मेहनत और सत्यनिष्ठा का परिणाम है। यही विश्वास उसे मानसिक शांति और संतोष प्रदान करता है। जब व्यक्ति अपने कार्य और व्यवहार में ईमानदारी बरतता है, तो समाज में भी उसके प्रति विश्वास और सम्मान की भावना विकसित होती है। यह विश्वास किसी भी धन या पद से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। यह सच है कि कई बार ईमानदारी का मार्ग कठिन और चुनौतीपूर्ण प्रतीत होता है। बेईमानी का रास्ता तात्कालिक लाभ जरूर दे सकता है, लेकिन वह स्थायी संतोष और सम्मान नहीं दे सकता। इसके विपरीत, ईमानदार व्यक्ति को कभी-कभी संघर्ष का सामना करना पड़ता है, लेकिन अंततः वही संघर्ष उसे मजबूत बनाता है और जीवन में स्थायी सफलता दिलाता है। इतिहास और समाज दोनों इस बात के साक्षी हैं कि जिन्होंने अपने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया, वही लोग अंततः समाज में आदर्श बनकर उभरे।

कर्तव्यनिष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी ईमानदारी। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने काम को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व मानता है। वह परिस्थितियों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचता है। चाहे वह शिक्षक हो, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी या एक साधारण कर्मचारी–जब कोई व्यक्ति अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाता है, तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के व्यापक हित में भी दिखाई देता है। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि यह व्यक्ति को निराशा और मानसिक तनाव से दूर रखती है। जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति सच्चा होता है, उसे अपने कार्यों के परिणामों को लेकर कोई भय नहीं होता। वह जानता है कि उसने अपना दायित्व पूरी निष्ठा से निभाया है। यही संतोष उसे कठिन परिस्थितियों में भी मजबूत बनाए रखता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति बेईमानी या छल का सहारा लेता है, उसे हमेशा इस बात का डर रहता है कि उसकी सच्चाई कभी भी सामने आ सकती है। यह भय उसे भीतर से कमजोर बना देता है और मानसिक अशांति का कारण बनता है। इसलिए कहा जाता है कि ईमानदारी केवल एक नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मसम्मान का भी स्रोत है।

समाज के निर्माण में भी ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि किसी समाज में लोग अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने लगें, तो भ्रष्टाचार, अन्याय और अव्यवस्था जैसी समस्याएँ स्वतः ही कम होने लगती हैं। एक ईमानदार व्यक्ति अपने आचरण से दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उसके कार्य यह संदेश देते हैं कि जीवन में सच्ची सफलता वही है जो नैतिकता और सत्य के मार्ग पर चलकर प्राप्त की जाए। आज के समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जाए। परिवार, शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि नई पीढ़ी को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया जाए। जब युवा पीढ़ी इन मूल्यों को अपनाएगी, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सकेगा।

**अंततः** यह कहना उचित होगा कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा केवल आदर्शवादी शब्द नहीं हैं, बल्कि एक सुखी और संतुलित जीवन की आधारशिला हैं। परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहता है, वह कभी स्थायी निराशा का शिकार नहीं होता। उसके पास आत्मसम्मान की वह अनमोल संपत्ति होती है जिसे कोई भी छीन नहीं सकता।

इसलिए जीवन का सच्चा मार्ग वही है जिसमें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का समावेश हो। सत्य का मार्ग भले ही कठिन हो, लेकिन अंततः वही मार्ग मनुष्य को शांति, सम्मान और गौरव की मंजिल तक पहुंचाता है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज उन्नति की तीसरी बैठक

# आमजन की हर छोटी समस्या का हो समाधान, संपर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं की करें नियमित मॉनिटरिंग - सीएम भजनलाल शर्मा

## विकास परियोजनाओं को समयसीमा में करें पूरा, गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

**पंच गौरव कार्यक्रम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट, स्थानीय उत्पाद हर जिले की आर्थिक समृद्धि के आधार**

**द्रव्यवती नदी को अपशिष्ट मुक्त बनाने की प्रभावी कार्ययोजना करें तैयार**

**लगभग 4 हजार 258 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं एवं 2 योजनाओं पर दिए दिशा-निर्देश**



भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर, ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की तीसरी बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने लगभग 4 हजार 258 करोड़ रुपये की 7 विभागों की 8 परियोजनाओं एवं 2 योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलक्टर एवं विभागों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की नियमित प्रगति हो सुनिश्चित

सीएम शर्मा ने बजट घोषणाओं की अनुपालना में स्थापित होने वाले कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की प्रक्रिया में कृषि विभाग के अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए नियमित प्रगति सुनिश्चित की जाए। ग्राम उत्थान शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर शीघ्र स्वीकृतियां जारी करें एवं केवीएसएस एवं जीएसएस द्वारा प्रेषित प्रस्तावों का निस्तारण किया जाए।

### गोदामों की क्षमता का समुचित उपयोग हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने सहकारी संस्थाओं की भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 एवं 500 मीट्रिक टन क्षमता के निर्माणाधीन गोदामों के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इसे शीघ्र पूरा करने तथा उनके समुचित उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करें। इसके लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण की व्यवस्था के साथ गुणवत्ता आधारित मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने पंच गौरव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फसलों की प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा उन्हें पर्यटन स्थलों के साथ जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करें। उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी विस्तार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए मुख्य सचिव स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

सीएम शर्मा ने स्मार्ट (सर्विस मेनेजमेंट विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड रियल टाइम सिस्टम) के संबंध में कहा कि एआई/एमएल का उपयोग केवल डेटा मिलान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इसे स्वतः ही पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं से जोड़ने में सक्षम बनाया जाए। इस दौरान मुख्य सचिव ने राज उन्नति की पहली एवं दूसरी बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज-उन्नति की पहल की गई है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से सीधे संवाद कर प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते हैं तथा समस्या का वास्तविक समय में समाधान किया जाता है। राज्य सरकार के इस प्रयास को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ नवाचार के रुप में मान्यता मिली है। इसकी गत दो बैठकों में 86 हजार 225 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं की समीक्षा की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना हमारी सरकार का ध्येय है। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर लोगों को त्वरित राहत प्रदान की जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी सचिवगण 181 कॉल सेंटर की विजिट के दौरान परिवेदनाओं पर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा दिए गए जवाब की मॉनिटरिंग करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जोधपुर के प्रेम प्रकाश विश्नाई एवं झुंझुनूं के मुकेश कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री से संवाद कर संपर्क पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान पर संतोष व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बैठक में वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव तथा संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर्स जुड़े।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में निर्धारित हो टाइमलाइन

सीएम शर्मा ने प्रदेश में ब्रह्मगुप्त सेंटर ऑफ फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के तहत बनने वाले ब्लॉक चेन, साइबर सिक्योरिटी, एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग उत्कृष्ट केन्द्रों की स्थापना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि इस केन्द्र के प्रारंभिक डिलिवरेबल निर्धारित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा इसका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइन्स एण्ड मिनरल्स की स्थापना के संबंध में टाइमलाइन निर्धारित करते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

### सभी औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से जोड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रव्यवती नदी में गिरने वाले नालों एवं औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही, उन्होंने शेष औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से शीघ्र जोड़ने और इसके उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

सीएम शर्मा ने कहा कि करतारपुरा अंडरपास के निर्माण के प्रस्ताव के संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र अनुमोदन कराया जाए। उन्होंने फाटक के दोनों ओर सहकार मार्ग की दिशा में स्लिप लेन एवं सड़क चौड़ाईकरण के कार्य को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने दूदू-सांभर-भाटीपुरा सड़क निर्माण एवं नागौर में निजी कंपनी के ग्रीनफील्ड सीमेंट प्लांट के संचालन की प्रगति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सिरसा की पूर्व सांसद व भाजपा नेत्री सुनिता दुग्गल अपनी दिवंगत माता की याद में लगाएगी फ्री मेडिकल कैंप

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/हिसार।

**विजय रंगा(ब्यूरो चीफ)** । दिवंगत माता शकुंतला देवी की याद में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा यह कहना है पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल का।सिरसा की पूर्व सांसद वह भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य श्रीमती सुनीता दुग्गल उनकी माता श्रीमती शकुंतला देवी की याद में 29 मार्च को फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाएगा यह आयोजन श्रीमती सुनीता दुग्गल व उनके परिवार द्वारा किया जाएगा इस कैंप में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा हर



वर्ग के लोग शामिल होंगे ,यह जानकारी संत कबीर धनक समाज टोहाना के संरक्षक अनूप सोलंकी डांगरा ने बताते हुए बताया कि उन्होंने बताया कि कैंप का समय 10 बजे सुबह से दोपहर 12:00 तक का होगा स्थान 19 टाउन मॉडल शिव मंदिर कोठी हिसार में होगा पूर्व सांसद दुग्गल ने कहा कि मेडिकल कैंप सबसे बड़ा दान होता है इससे बड़ा और कोई दान नहीं हो सकता अनूप सोलंकी डांगरा पूर्व सांसद दुग्गल के पारिवारिक मित्र होने के के साथ-साथ हरियाणा सरकार में चेयरमैन रहे चौधरी छबील दास डांगरा के पुत्र हैं डांगरा ने बताया कि इस कैंप में युवा बढ़ चढ़कर भाग लेंगे.

## मुंडावर में बिजली लाइन टूटने का खतराः गबदूराम मेघवाल के घर पर गिरा 11 केवी का तार, प्रशासन की अनदेखी

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** मुंडावर नगर पालिका क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया जब 11 केवी की बिजली लाइन टूटकर गबदूराम मेघवाल के घर के आंगन में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन परिवार के सदस्यों में दहशत बनी हुई है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई है। इससे पहले भी दो बार बिजली लाइन टूटकर गिर चुकी थी, लेकिन प्रशासन और सहायक अभियंता मुंडावर की ओर से कोई



ध्यान नहीं दिया गया। परिवार के सदस्यों ने प्रशासन से अपील की है कि इस लाइन को कहीं और शिफ्ट किया जाए या इसे ऊंचा किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो। गबदूराम मेघवाल के परिवार ने बताया कि गर्मियों में आंधी और तेज हवाओं के कारण लाइन टूटने का खतरा और भी बढ़ जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लोहे के खंभे लगाकर इस लाइन को सुरक्षित किया जाए ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा हो सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में हाईकोर्ट का सख्त वार, जमानत रद्द 'न्याय से समझौता नहीं ', आरोपियों को फिर जेल भेजने के आदेश

## सात दिन में जमानत पर सवाल, पुलिस जांच पर भी उठी उंगली–पीड़िता को बालिग बताने की भूमिका पर गंभीर टिप्पणी

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

'जब इंसाफ सोता है तो सवाल जागते हैं, और जब अदालत जागती है तो सच्चाई बोल उठती है।' इसी कहावत को साकार करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर खंडपीठ ने मंडावर थाना क्षेत्र की नाबालिग पीडीता से जुड़े दुष्कर्म प्रकरण में सख्त रुख अपनाते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई जमानत को रद्द कर दिया और आरोपियों को पुनः जेल भेजने के आदेश दिए। अदालत ने साफ कहा कि ऐसे मामलों में नारी की गरिमा पर सीधा प्रहार होता है और न्यायिक प्रक्रिया में जरा सी भी ढिलाई अस्वीकार्य है। इस फैसले के साथ ही महज छह दिनों के भीतर पॉक्सो जैसे गंभीर मामले में आरोपियों को जमानत मिलना न केवल न्यायिक विवेक बल्कि पुलिस जांच की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता नजर आया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट द्वारा महत्वपूर्ण तथ्यों की अनदेखी करते हुए और अपर्याप्त विश्लेषण के आधार पर जमानत दी गई, जो न्याय की मूल भावना के विपरीत है।

### पूरा मामला इस प्रकार है??

जानकारी अनुसार घटना 28 जनवरी 2026 की बताई गई है, जब मंडावर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को तीन




नामजद आरोपी बोलेरो वाहन में जबरन बैठाकर ले गए और उसके साथ रास्ते में दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तथा 30 जनवरी को नाबालिग पीडीता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। मंडावर थाने में प्रकरण पॉक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया गया और मामले की जांच महवा सीओ मनोहरलाल मीना को सौंपी गई।

### पूरे मामले में हाईकोर्ट में पलटी तस्वीर।

पीड़ित पक्ष ने निचली अदालत के निर्णय को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जमानत निरस्तीकरण याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान पीड़िता पक्ष के अधिवक्ता रवि शर्मा (मंडावर) ने जोरदार पैरवी करते हुए यह तथ्य रखा कि मामला पॉक्सो एक्ट के तहत अत्यंत गंभीर है, जिसमें नाबालिग के साथ जघन्य अपराध हुआ है। साथ ही यह भी उजागर किया गया कि जमानत देते समय पीड़िता पक्ष को समुचित सूचना नहीं दी गई और जांच में कई प्रक्रियात्मक खामियां रही हैं। बचाव पक्ष ने आरोपियों के सीमित भूमिका और आपराधिक इतिहास नहीं होने का हवाला दिया, लेकिन अदालत ने इसे पर्याप्त नहीं माना। पीडीता पक्ष के वकील ने हाईकोर्ट के समझ सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में पीड़िता पर दबाव, धमकी और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसे लेकर हाईकोर्ट ने पीडीत पक्ष के वकील की दलीलो को मध्येनजर रखते हुये अंततः बीएनएसएस की धारा 483(3) के तहत पीडीत पक्ष की याचिका को स्वीकार करते हुए दोनों नामजद आरोपियों की जमानत को रद्द कर दिया।

### पुलिस जांच पर भी उठे सवाल।

मामले में सबसे गंभीर पहलू पुलिस जांच को लेकर सामने आया, जहां नाबालिग पीड़िता को बालिग बताने की कार्रवाई ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बना दिया। पीड़ित परिवार पहले ही पुलिस अधीक्षक दौसा से शिकायत कर चुका था और जांच अधिकारी बदलने की मांग भी कर चुका था, लेकिन इसके बावजूद मामले की जांच को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया था। वहीं उक्त मामले में आये इस नये मोड के बाद संबंधित जाँच अधिकारी मनोहरलाल मीना से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बिना स्पष्ट जवाब दिये ही फोन काट दिया। वहीं थानाधिकारी प्रवीण मीना ने भी मामले में दूरभाष पर की गई वार्ता के दौरान जानकारी चाहने पर जांच सीओ महवा के पास है कहने के साथ ही फोन काट दिया। अब जांच अधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा जानकारी देने से बचना भी कई सवाल खड़े करता है। 'सच छुपाने से नहीं रुकता, बल्कि और गूंजता है '–यह स्थिति इस मामले में साफ दिखाई दी।

### इनका कहना है??

उक्त प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले सभी संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई के लिए संबधित अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आगामी कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाएगी, ताकि संबंधित दोषियों को कठोर सजा मिल सके और पीड़िता को न्याय मिलना सुनिश्चित हो सके।

**रवि शर्मा (मंडावर),राजस्थान हाईकोर्ट,जयपुर। (अधिवक्ता पीडीत पक्ष)**

# ऑरेंज ऑन टॉप

मौसम के बदलते मिजाज का असर फैशन की दुनिया में भी नजर आने लगा है। गर्मी की दस्तक के साथ ही आनंद और स्फूर्ति का अहसास देने वाले रंगों के प्रति बढने् लगा है आकर्षण। इस लिहाज से परफेक्ट है ऑरेंज कलर। इन दिनों फैशन में भी टॉप पर है ऑरेंज कलर। चूंकि रेड और यलो से मिलकर बनता है ऑरेंज कलर, इसलिए इसमें समाए हैं उन दोनों के गुण। गौरतलब है कि खुशी, गर्मजोशी और ऊर्जा को प्रतिबिंबित करता है रेड कलर, वहीं यलो कलर प्रतीक है आनंद और उल्लास का। इस तरह दोनों के



गुणों को समाहित करने वाला ऑरेंज कलर प्रतिबिंबित करता है जीवन के प्रति सकारात्मक द् ष्टिकोण व खुशमिजाज रवैया। जब आप ऑरेंज रंग की ड्रेस पहनेंगी तो आपके व्यक्तित्व में भी दिखेगा नित नयी चुनौतियों से जूझने का उत्साह और आत्मविश्वास। यही वजह है कि किसी न किसी रूप में इस रंग को जीवन में शामिल करना है बेहतरीन विचार। ड्रेस ही नहीं ऑरेंज कलर की एक्सेसरीज का फैशन भी है जबर्दस्त। ऑरेंज कलर की फुटवेयर, सनग्लासेस के फ्रेम, हेयर एक्सेसरीज, नेल पॉलिश इत्यादि का चुनाव भी आपको देगा स्मार्ट व जिंदगी के प्रति पॉजिटिव आउटलुक।

# कलर्ड हेयर रहें हेल्दी

मौसम ने करवट ले ली है। गर्मियां दस्तक दे चुकी हैं। इस मौसम का स्वागत करने के लिए क्या आपके बाल तैयार हैं? अगर आपने बालों को कलर कराया है तो गर्मी का मुकाबला करने के लिए उनकी खास देखभाल की जरूरत होगी। यहां हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब बता रहे हैं केमिकल ट्रीटेड और कलर्ड बालों की देखभाल के लिए कुछ खास उपाय।

1. बालों को कलर कराने से पहले यह ध्यान देना जरूरी है कि आपके बाल किस हाल में हैं। यानी उनकी कंडिशन कैसी है। कहीं बाल दोमुंहे या अत्यधिक रूखे तो नहीं हैं। ऐसी स्थिति में कलर कराने से बचना चाहिए। बालों में किसी भी प्रकार का ट्रीटमेंट (केमिकल ट्रीटमेंट) कराने के लिए उन्हें स्वस्थ होना जरूरी है। सप्ताह में एक बार डीप कंडिशनिंग ट्रीटमेंट लेने से बालों को पोषण मिलेगा।
2. एंटी डैंड्रफ या क्लेरिफाई हेयर शैंपू का इस्तेमाल भूल कर भी न करें। कलर्ड हेयर के लिए ख़ास तौर पर बना शैंपू ही इस्तेमाल करें। बेहतर होगा कि आप कलर बूस्टिंग एंड क्लेयर फॉर्म्युला प्रयोग करें।
3. कलर ट्रीटेड हेयर के लिए वॉल्यूमाइजिंग शैंपू कभी न प्रयोग करें। यह क्यूटिकल्स से कुदरती तेल निकाल देगा।
4. कलर किए हुए बालों को धूप के सीधे संपर्क में आने न दें। धूप में अधिक देर तक रहना हो तो हैट, स्कार्फ या बेसबॉल कैप लगाएं। आप एसपीएफ युक्त हेयर स्प्रे भी कर सकती हैं।
5. गर्मियों में जहां तक हो सके ब्लो ड्राई और हीट ट्रीटमेंट/स्टाइलाइजिंग से बचें। स्ट्रेटनिंग या आयरनिंग वगैरह के बजाय बालों को नैचरल स्टाइल में रहने दें। आकर्षक चोटी, पोनीटेल या मेसी बन बना सकती हैं।
6. सप्ताह में एक बार बालों में मेथी दाना पैक लगाएं। इससे उनका पीएच बैलेंस बना रहेगा और वे हेल्दी भी रहेंगे।



# गर्मियों के लिए तैयार करें त्वचा

जैसे-जैसे मौसम बदलता है त्वचा की देखभाल का तरीका भी बदलता है। सर्दियों में जहां त्वचा रूखी हो जाती है, वहीं गर्मियों में धूप से मुरझा जाती है। लेकिन मौसम बदलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो त्वचा संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। यहां त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षय बत्रा बता रहे हैं कि गर्मियों का सामना करने के लिए आप अपनी त्वचा को कैसे तैयार करें।

20-30 वर्ष

## बनी रहे कोमल त्वचा

इस उम्र की स्त्रियां ज्यादातर समय बाहर बिताती हैं। कॉलेज या निजी काम के लिए लंबी दूरी तय करती हैं। व्यस्त दिनचर्या के चलते वे एक अहम तथ्य को नजरअंदाज करती हैं और वह है नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना। गर्मियों में पसीने के रूप में शरीर से काफी मात्रा में पानी बाहर निकल जाता है। ऐसे में यदि लंबे समय के लिए घर से बाहर रहना या नियमित व्यायाम करना है तो शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी का होना बहुत जरूरी है। इससे त्वचा कोमलता भी बरक़रार रहती है।

## धूप से सुरक्षा

दोपहर की धूप सबसे नुकसानदेह होती है। संभव हो तो सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। इस समय सूर्य की किरणें सबसे तेज होती हैं और त्वचा पर बुरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से 30 मिनट पहले चेहरे व त्वचा के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

## तली चीजों से परहेज

यही वह उम्र है जब फास्टफूड बहुत भाते हैं। अधिक वसायुक्त या तली चीजें खाने से सुस्ती आती है, यह पाचन प्रक्रिया को सुस्त बना देते हैं। पाचन क्रिया बिगडने् का सीधा असर त्वचा पर पड़ता है। जहां तक हो सके बाहर के खाने से बचें। बहुत जरूरी हो तो फल या ताजे फलों का जूस पी सकती हैं।

## कम चाय व कॉफी

डाइयुरेटिक होने के कारण अधिक चाय एवं कॉफी पीने से यूरिन की समस्या हो सकती है। साथ ही यह त्वचा में मौजूद जरूरी पानी भी कम करते हैं, जिस कारण त्वचा रूखी हो सकती है। ग्रीन टी इसका अच्छा ऑप्शन है। ये न सिर्फ अतिरिक्त वसा कम करेगी, बल्कि त्वचा पर चमक भी लाएगी।

## एयरेटेड पेय से रहें दूर

इनमें शक्कर की मात्रा अधिक होती है, जो न त्वचा और न ही सेहत के लिए अच्छा है। प्यास बुझाने के लिए फ्रेश लाइम, ताजे फलों का जूस या नारियल पानी पीना समझदारी होगी।

## क्लींजिंग है जरूरी

सोने से पहले माइल्ड फेसवॉश से चेहरा साफ करने के बाद एसपीएफ युक्त मॉयस्चराइजर लगाएं। चेहरा साफ करने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करें। इससे ताजगी मिलेगी। खीरे का रस या नारियल पानी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

## टैनिंग से छुटकारा

2-2 चम्मच बेसन व दही में 1/4 नीबू का रस मिलाकर लगाएं। सूखने पर मलते हुए छुड़ाएं। नीबू व दही के सिट्रस गुण टैनिंग हटाते हैं।

30-40 वर्ष

## जलयुक्त मॉयस्चराइजर

मॉयस्चराइजिंग रुटीन का सख्ती से पालन करें। यदि नियमित मॉयस्चराइजर अधिक तैलीय है तो वॉटर बेस्ड मॉयस्चराइजर का इस्तेमाल करें। ताकि त्वचा की कुदरती नमी बरकरार रहे।

## टोनर है जरूरी

त्वचा के रोमछिद्रों को बंद रखने और ताजगी बनाए रखने के लिए टोनर का इस्तेमाल बहुत जरूरी है। इसके लिए गुलाब जल का प्रयोग कर सकती हैं। इसमें स्वभाविक कूलिंग के गुण होते हैं जो गर्मियों के उत्तम है। टोनर इसलिए जरूरी है, क्योंकि गर्मियों में लू चलती है और धूल-मिट्टी त्वचा पर चिपक जाती है। अगर क्लींजिंग के बाद छिद्र बंद न हों तो धूल-गंदगी त्वचा के भीतर चली जाएगी और उससे संक्रमण होने का खतरा रहेगा।

## एक्सफोलिएशन

मृत त्वचा को हटाने और चेहरे की त्वचा का रक्त संचार बढ़ाने के लिए एक्सफोलिएशन जरूरी है। इसके लिए बाजार में उपलब्ध कॉस्मेटिक स्क्रब का चुनाव कर सकती हैं या घर पर भी इसे बना सकती हैं। घर पर स्क्रब बनाने के लिए 4-5 चम्मच बेसन, चुटकी भर हल्दी, 5-6 बूंद गुलाब जल और दूध या दही लें। इसे एक पेस्ट की तरह मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद मलकर हटाएं। इसके बाद फेसमास्क और मॉयस्चराइजर लगाना न भूलें।

## फेसपैक लगाएं

रंगत निखारने के लिए घरेलू फेसपैक क ा प्रयोग करें। पपीता प्राकृतिक गुणों से भरपूर होता है और इसका इस्तेमाल घर पर फेसपैक बनाने के लिए भी कर सकती हैं। दो चम्मच पके हुए पपीते को अच्छी तरह मसलें। इसमें एक चम्मच शहद और एक अंडे की सफेदी मिलाएं। इस मिश्रण को 15 मिनट तक चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। साफ पानी से धो लें।

## त्वचा को दें ठंडक

आधा खीरा और एक चम्मच दही को एक साथ पीस कर पैक बना सकती हैं। इसे 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। फिर ठंडे पानी से धो लें। यह त्वचा को ठंडक प्रदान करेगा और जलन कम करेगा।

40-50 वर्ष

## त्वचा को दें पर्याप्त नमी

उम्र जैसे-जसे बढ़ती है, त्वचा के लिए नमी के स्तर को बनाए रख पाना मुश्किल होता जाता है। इस तरह समय से पहले ही त्वचा अधिक बूढ़ी नजर आने लगती है। इस उम्र में त्वचा अपना प्राकृतिक लचीलापन और मॉयस्चराइजर खो देती है। ऐसे में क्रीम रिच मॉयस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह भी सुनिश्चित करें कि आपके मॉयस्चराइजर एसपीएफ 30 के साथ ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सन स्क्रीन युक्त है या नहीं।

## मुंहासों से छुटकारा

हॉर्मोस असंतुलन के कारण 40 पार भी मुंहासों की समस्या हो जाती है। इसे नजरअंदाज न करें। त्वचा रोग विशेषज्ञ की राय लें ताकि मुंहासों का सही इलाज हो सके। यदि त्वचा में गंभीर पिग्मेंटेशन, रैशेज, झुर्रियां, लाल निशान या ढीलेपन की समस्या है तो आप इन उपचारों को भी अपना सकती हैं -

## स्किन रिन्युवल ट्रीटमेंट :

एंटी एजिंग से मुक़ाबला करने के लिए यह उपाय अपना सकती हैं। साथ ही मृत त्वचा को हटाने और त्वचा की असमान रंगत को सुधारने के लिए भी यह उपाय अपना सकती हैं।

## क्लैरिटी ट्रीटमेंट :

यह उपचार बांह, छाती, गर्दन और चेहरे पर मौजूद पिग्मेंटेशन को हटाने के लिए अपना सकती हैं।

## स्किन टाइटनिंग :

हाथ, गर्दन और चेहरे की ढीली त्वचा में कसाव लाने के लिए स्किन टाइटनिंग उपचार की मदद ले सकती हैं। यह उपचार त्वचा का लचीलापन लाने वाले कोलेजन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है।

## डाइट का रखें ध्यान

आहार में अमीनो एसिड्स, ग्लुकोसैमाइन, विटमिन बी6, सहित एंटीऑक्सिडेंट्स, विटमिन ए, सी, डी, और ई शामिल करना जरूरी है। इसके लिए डाइट में स्किम्ड मिल्क, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित दालें और मेवे शामिल करें।



# परफेक्ट एक्सेसरीज



इसमें कोई शक नहीं कि पहनावे से झलकता है हमारा व्यक्तित्व। इस ओर ध्यान देना जरूरी है, पर इसके साथ एक्सेसरीज भी समान रूप से मायने रखती हैं। फैशन और अवसर के अनुरूप एक्सेसरीज के चयन से आप जोड़ सकती हैं व्यक्तित्व में अनूठा आकर्षण

## स्टड्स

खूबसूरत डिजाइन में सिंगल डायमंड स्टडेड ईयरिंग्स देते हैं नीट लुक। आप चाहें तो दूसरी डिजाइन में अपनी पसंद के टॉप्स खरीद भी सकती हैं। अगर आप ऐसे ईयरिंग्स के कई पेयर नहीं खरीदना चाहती हैं तो न्यूट्रल कलर स्टोन्स के खूबसूरत स्टड्स खरीदें।

## सनग्लासेज

ये सिर्फ आपकी आंखों को सूर्य की हानिकारक किरणों से ही नहीं बचाते, बल्कि स्टाइलिश दिखने के लिए लिहाज से भी इसका इस्तेमाल है परफेक्ट। इन दिनों चलन में हैं डबल शेडेड सन ग्लासेज। टर्टल शेल फ्रेम्स में डबल शेडेड ग्लासेज काफी स्टाइलिश लुक देते हैं।

## शैंडेलियर ईयरिंग्स

इससे आपके कूल लुक में जुड़ता है जबर्दस्त आकर्षण। टू टियर या थ्री टियर में लटकन स्टाइल शैंडेलियर ईयरिंग्स परफेक्ट लगते हैं। यहां इस बात का ख्याल रखें कि ये ईयरिंग्स बहुत ज्यादा भड़कीले न हों।

## लंबी चेन

पहनावा इंडियन हो या वेस्टर्न, उसके साथ परफेक्ट एक्सेसरी है लंबी चेन। मोती, स्टोन्स, गोल्ड या फिर किसी अन्य मेटल की लंबी माला या चेन आप अपनी पसंद से चुन सकती हैं। यह न सिर्फ हर पहनावे के साथ जंचती है, बल्कि इसे आप कई प्रकार से धारण कर सकती हैं। गले में इसे आप सिंगल या डबल करके डाल सकती हैं। चाहें तो ब्रेसलेट की भांति हाथ में पहन सकती हैं। हर तरह से यह खूबसूरत लगेगी।

## कॉकटेल रिंग

कुछ परिधान ऐसे होते हैं, जिनके साथ भारी नेकलेस या ईयरिंग्स की जरूरत नहीं होती। सिर्फ एक कॉकटेल रिंग ही काफी होती है। स्टोन स्टडेड ओवरसाइज खूबसूरत रिंग जब आपकी अंगुली में होगी तो सबका ध्यान सिर्फ उसी ओर होगा।

## हैंडबैग

ओवरसाइज हैंड बैग होना भी है बेहद जरूरी। अक्सर हमें पहले से पता नहीं होता और अचानक कहीं जाने का प्रोग्राम बन जाता है। ऐसे में अगर आपके पास बड़ा हैंड बैग होगा तो उसमें जरूरत का सारा सामान, जैसे बुक, मेकअप पाउच, छोटा टॉवल इत्यादि रखकर साथ कैरी कर सकती हैं। ब्लैक, ब्राउन या किसी अन्य न्यूट्रल शेड में हैंड बैग खरीदें, जो सभी के साथ मैच कर सके।

## रिस्ट वॉच

आजकल फैशन है दो टोन वाली रिस्ट वॉच का। यह रिस्ट वॉच अगर ओवरसाइज हो तो और भी बेहतर है। स्टोन्स स्टडेड, मेटल या लेदर के स्ट्रैप वाली रिस्ट वॉच में से आप अपनी पसंद के अनुरूप रिस्ट वॉच चुन सकती हैं, पर इसे अपने एक्सेसरीज कलेक्शन में अवश्य शामिल करें।

## बूट्स

इसमें मौजूद हैं ढेरों डिजाइन्स। लांग बूट, शॉर्ट बूट्स, फर या हील वाले बूट्स में से आप क्या चाहती हैं, यह खुद तय करें। जब कभी फुटवेयर को लेकर संशय हो तो निश्चिंत होकर इन्हें धारण कर सकती है। हर पहनावे के साथ ये बूट्स जंचेंगे।

## स्टिलटोज

स्मार्ट स्टिलटोज के बगैर आपका वार्डरोब अधूरा है। ब्लैक या न्यूड शेड्स में स्टिलटोज का एक पेयर अवश्य खरीदें, जो आपके सभी भारतीय और वेस्टर्न पहनावे के साथ मैच कर जाएंगे। चूंकि इनमें पतली हील होती है, इसलिए इन्हें पहनते समय सावधानी बरतनी चाहिए। एक बार आपको इन्हें पहनने की प्रैक्टिस हो गयी, फिर चिंता की कोई बात नहीं।

## वेज हील

आप हील पहनने की चाह रखती हैं, पर अपने पांवों को जरा भी तकलीफ नहीं देना चाहती तो आपके लिए बेस्ट हैं वेज हील। ये इतनी आरामदायक होती है कि आपको यह महसूस ही नहींहोगा कि आपने हील पहन रखी है।

## क्लच

पार्टी या अन्य किसी खास मौके के लिए तैयार हो रही हैं तो एक्सेसरी के तौर पर हाथ में क्लच बैग लेना न भूलें। यदि आप बहुत अधिक क्लच बैग खरीदने में रुचि नहीं रखती हैं तो भी न्यूट्रल शेड में कम से कम एक क्लच तो आपके पास होना ही चाहिए, ताकि उसे



# योगी स्टेडियम में नेशनल डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य आगाज़, राजस्थान ने जमाया दबदबा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में योगी स्टेडियम में पांचवीं ब्रेकिंग नेशनल डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य आयोजन 27 मार्च को उत्साह और जोश के साथ किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के पहले ही दिन राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। ब्रेकिंग डांस स्पोर्ट्स में खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया, जिनमें 3 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। जूनियर वर्ग में तान्या योगी, यूथ वर्ग में जसप्रीत



और सीनियर वर्ग में सिमरन रंगा ने प्रथम स्थान हासिल किया।लोकेश योगी (झुंझुनू), सानवीका, यश बुढ़ानिया और करुणा अरोरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कांस्य पदक विजेता अभिराज चौधरी, नव्या, उत्कृषा, शिवाय सिंह सोलंकी एवं तेजस्वी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की सदस्य पूजा और लीला उपस्थित रहीं। वहीं, राजस्थान डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष योगी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अघोरी बाबा शैलेंद्रनाथ जी महाराज रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 29 मार्च को सायं 5:30 बजे आयोजित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

# स्व. बुधराम पंवार की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हवन व श्रद्धांजलि सभा आयोजित, समाज सेवा के संकल्प दोहराए

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

भीम प्रज्ञा फाउंडेशन के संस्थापक स्वर्गीय बुधराम पंवार की चतुर्थ पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन के साथ हुई, जहां उपस्थित जनों ने स्व. पंवार की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. बुधराम पंवार ने अपने जीवन में सामाजिक, धार्मिक और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी तथा समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य किए।इस अवसर पर भीम प्रज्ञा





फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। सभा को संबोधित करते हुए संपादक एडवोकेट हरेश पंवार ने भावुक शब्दों में अपने पिता को याद किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता को पुण्यतिथि के माध्यम से अपने बीच पाकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता भले ही औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे, लेकिन सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक विषयों पर उनकी सोच अत्यंत स्पष्ट और प्रेरणादायक थी। उन्होंने कहा कि वे हर वर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का



आयोजन कर उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं।कार्यक्रम में सहीराम तुंदवाल, मुकेश रांगेय, धर्मपाल चौरा, नरेंद्र स्वामी, चेतराम, मनोज पंवार, सुन्दरलाल, गजेन्द्र बोहरा, ओमप्रकाश, रामचंद्र, सज्जन, निक्कु सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने स्व. पंवार के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन ने एक बार फिर स्व. बुधराम पंवार के सामाजिक योगदान और उनके आदर्शों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

# सोनू फगेडिया का भौतिक शास्त्र प्राध्यापक पद पर हुआ चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु आयोजित परीक्षा के घोषित प्राध्यापक परीक्षा परिणाम में सांखू निवासी प्रशासनिक अधिकारी भंवर सिंह जाखड़ के भांजे व बासनी भूमा निवासी जगदीश फगेडिया की पुत्रवधू सोनू फगेडिया धर्मपत्नी अमित फगेडिया का स्कूल व्याख्याता भौतिक शास्त्र के पद पर चयन हुआ है। सोनू फगेडिया के भौतिक शास्त्र विषय की प्राध्यापक बनने पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# सिंगोदिया लाइब्रेरी के दो विधार्थियों का हुआ सरकारी सेवा में चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़**

तोदी कालेज के सामने स्थित सिंगोदिया लाइब्रेरी ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए कामयाबी हासिल की है। लाइब्रेरी में अध्ययनरत खेड़ी ढुकिया गांव निवासी अनिल ढुकिया पुत्र महिपाल सिंह ढुकिया का सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी व नर्सिंग ओफिसर ग्रेड 2 के पद पर एक साथ चयन हुआ है। इसी तरह मानासी गांव निवासी सुनील माहिच पुत्र चौथमल माहिच का नर्सिंग ओफिसर ग्रेड 2 के पद पर चयन हुआ। दोनों युवाओं का सरकारी सेवा में चयनित होने पर पारिवारिक सदस्यों, शुभचिंतकों, लाइब्रेरी संचालक मंडल व विधार्थियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।



# झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक ने किया उदयपुरवाटी थाने का निरीक्षण

## क्राइम कंट्रोल अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा** । झुंझुनूं एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने शनिवार की शाम उदयपुरवाटी पुलिस थाने का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने थाने की स्थिति का जायजा लिया पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए द्य पुलिस थाने के समस्त स्टाफ से बातचीत की उन्होंने थाने की भौगोलिक स्थिति पर चर्चा की साथ लंबित मामले व स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस थाने की सुरक्षा दीवार को लेकर जल्द ही फाइल का अवलोकन कर आगे की प्रक्रिया करेंगे। नगर पालिका प्रशासन से बातचीत कर आगे कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए योजना व तरीके से कार्य किया जाएगा। इस मौके पर थाना अधिकारी रामपाल मीणा ने झुंझुनूं एसपी कावेंद्र सिंह सागर को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। एसआई ओमप्रकाश,सुभाष चंद्र, जीवनराम,सहित पुलिसकर्मियों से रूबरू हुए।



# भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी का जन्मदिन सिंघाना में हर्षोल्लास से मनाया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झुंझुनू की जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी का 39वां जन्मदिवस शनिवार को सिंघाना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सैनी के नेतृत्व में उनके निजी फार्म हाउस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जयसिंह माठ सहित कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने हर्षिनी कुल्हरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सफल और उज्ज्वल जीवन की कामना की। इस मौके पर युवा नेता निखिल मुंवडिया, डॉ. हरिसिंह कुल्हरी, डूमोली सरपंच एडवोकेट सत्यवीर दोराता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन गुप्ता, पूर्व वाइस चेयरमैन विक्रम सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद अमित शर्मा, मनोज दोराता, महक सिंह गुर्जर, अंकित टिलावाली, ठेकेदार रमेश यादव, रितेश यादव, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा कार्यकर्ता मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । कस्बे में स्थित सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम आयोजित कर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा लूमास उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिंह भाटी थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष जीवन के लिए एक अहम भूमिका प्रदान करते हैं। पेड़ों के बिना जीवन सम्पूर्ण नहीं होता है। जीवित रहने का एकमात्र संसाधन ही पेड़ है। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ और मंडावा नगर के गणमान्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्य खेमानी, दूसरे स्थान पर नवीन कुमार, तीसरे स्थान पर राहुल दाधीच रहे।



उस्मान, चेतन, विवेक, हिमांशु, आवेश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वृक्ष लगाने की शपथ ली। निर्णायक मंडल में सलीम खान व सुरेश सैनी थे। सभी बच्चों को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ विद्या पुरोहित ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी को दी जन्मदिवस शुभकामनाएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । भाजपा झुन्झुनू जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी के जन्मदिवस के मौके पर मण्डावा कस्बे सहित विधानसभा से अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कमान कर मिठाइयां बांटी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका, पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, मंडावा कस्बे के रमेश चन्द्र गाडोदिया, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, विद्याधर सैनी ,संजय मील, पूर्व पार्षद धर्मपाल आर्य, पार्षद इब्राहिम रंगरेज, जगदीश महरिया, शिवचरण गाडोदिया, सीताराम सैनी,दीपक खाण्डल, विमल सैनी,प्यारेलाल फण्डोलिया, संजय घुघरवाल, नेमीचन्द सैनी,गोविन्द जोशी , सत्यनारायण शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रवीण नायक, राजकुमार निर्वाण सहित राजकुमार झटावा,अनिल नैण, जितेन्द्र लाम्बा, बजरंगलाल पुनिया, संजीव महला,अजय रागेरा, मुकेश दुत,पुर्व सरपंच सुरेश सिहाग, लादुसर सरपंच बलवीर सिंह,पुर्व सरपंच सुरेश,बीरबल भाम्बु ,सुरैश सैन दुराना, प्यारे लाल टोडरवास, मनोज कालेर प स सदस्य, पुर्व प स सदस्य




सुरेन्द्र पुनिया तेतरा, राकेश रणवा, राजीव ढाका,शीशपाल दुलड,रवीन्द्र सिंह तौलियासर,हबीब खान शेखसर,अनशार खान शेखसर,अंकित डुडी शेखसर, विक्रम महला सोनासर,विजय लोयल पुर्व सरपंच सिरियासर सहित अन्य गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी को बधाईयां दी।

मण्डावा शहर से रमेश चन्द्र गाडोदिया, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, विद्याधर सैनी , संजय मील, पूर्व पार्षद धर्मपाल आर्य, इब्राहिम रंगरेज, जगदीश महरिया, शिवचरण गाडोदिया, सीताराम सैनी, दीपक खाण्डल, विमल सैनी, प्यारेलाल फण्डोलिया, संजय घुघरवाल, नेमीचन्द सैनी, गोविन्द जोशी, सत्यनारायण शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रवीण नायक, राजकुमार निर्वाण सहित अन्य द्वारा जन्मदिवस की शुभकामनाए दी।

# जोड़ियां मेले में आगमन पर विधायक राजेंद्र भांभू का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सुल्ताना।**

जोड़ियां मेले के कार्यक्रम में आगमन पर विधायक राजेंद्र भांभू का सुल्ताना बाईपास रोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील लाम्बा, सुल्ताना ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष बिजेंद्र लाम्बा, महामंत्री संदीप डारा, रणसिंह नेहरा, नंदराम नेहरा, अशोक धायल, दान लाम्बा, सरजीत लाम्बा, डॉ. विरेन्द्र शेखावत, बलजीत शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह और



खुशी का माहौल देखने को मिला। विधायक भांभू ने इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# सिंघाना क्षेत्र में न्यू ईडन स्कूल का दबदबा, 10वीं बोर्ड परिणाम में फिर बनी टॉपर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्थानीय न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिंघाना ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के लिए पहचान रखने वाली इस संस्था ने लगातार बेहतर परिणाम देकर अपनी मजबूत शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा प्रांजल गोदारा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा पायल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रिंकू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के समग्र परिणाम भी बेहद प्रभावशाली रहे। 10वीं कक्षा के परिणाम में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 5 विद्यार्थी रहे, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 14 विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अलावा कुल 31 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उल्लेखनीय बात यह रही कि हर दूसरे विद्यार्थी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया। संस्था निदेशक डॉ. अनिल गोदारा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयास को दिया। न्यू ईडन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता ने बताया कि संस्था पिछले 28 वर्षों से लगातार क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देती आ रही है। यहां विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में 65 प्रतिशत से अधिक बालिकाएं अध्ययनरत हैं, जो क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ





खेलकूद में भी जिला एवं राज्य स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करता रहा है। इस अवसर पर न्यू इंडियन अंग्रेजी माध्यम संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सरिता, प्रधानाध्यापिका श्रीमती पिंकी तथा न्यू ईडन स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत किया। उत्कृष्ट परिणाम की खुशी में विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने डीजे की धुन पर नाचकर अपनी सफलता का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य विजेंद्र कुमार, सोमवीर सिंह, मुकेश कुमार, रचना यादव, ममता, मनीषा, रविंद्र कुमार, प्रीतम कुमार सैनी, विजय सिंह एवं मोनिका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी इस खुशी के मौके पर मौजूद रहें। इस शानदार परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंघाना क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# चिड़ावा की लाडली नव्या पायल ने 10वीं बोर्ड में गाड़े झंडे, 96% अंकों के साथ क्षेत्र का नाम किया रोशन



## दहिया भी पहुंचे नव्या के घर आशीर्वाद देने



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, इसे एक बार फिर सच कर दिखाया है एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल की होनहार छात्रा नव्या पायल ने। नव्या ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 96' अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि अपने परिवार और पूरे चिड़ावा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय के निदेशक अनिल दाधीच और सचिव अरविंद दाधीच के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राएं डीजे की धुन पर नाचते-गाते नव्या के घर पहुंचे। जब विजय जुलूस नव्या के निवास स्थान पर पहुँचा, तो मोहल्ले वासियों ने भी इसमें शिरकत की और पूरी कॉलोनी उत्सव के माहौल में डूब गई। इस गौरवमयी उपलब्धि पर पिलानी विधानसभा से विधायक प्रत्याशी राजेश दहिया विशेष रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बिटिया नव्या को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और स्कूल प्रशासन की शिक्षण शैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिणाम क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयां प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमें के.सी. कविया (अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, उपखंड कार्यालय), पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेश बराला, राकेश भूकर, ओमप्रकाश पायल (रिटायर्ड रेंजर), राकेश बुडानिया, मनोज डांगी, अमित झाझडिया, राकेश चौधरी, मानसिंह गर्सा, शेरा नरहर, जोरावर सिंह, रविन्द्र गुर्जर सहित अनेक प्रबुद्ध जन।विद्यालय प्रशासन ने न केवल नव्या की मेहनत को सराहा, बल्कि उसके पीछे की प्रेरणा यानी उसके परिवार का भी अभिनंदन किया। स्कूल की ओर से नव्या के पिता विकास पायल, माता, दादी और मामा सहित परिजनों को



साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूली छात्र-छात्राओं और परिजनों ने जमकर डांस किया और आतिशबाजी के साथ खुशियां साझा कीं।

नव्या की इस सफलता ने साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य निर्धारित हो और मेहनत सच्ची, तो सफलता कदम चूमती है। नव्या की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। हमारा संस्थान भविष्य में भी इसी तरह के अनुशासित और उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है-

**अनिल दाधीच, निदेशक एम आर एस प्रणामी**

# जया शिक्षण संस्थान ने विजय जुलूस निकाला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

**पवन कुमार शर्मा** । जया शिक्षण संस्थान, पलसाना के कक्षा 10वीं के शानदार बोर्ड परिणामों के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजेंद्र सिंह, कॉर्डिनेटर जोरावर सिंह और प्रधानाचार्य सुप्यार कंवर ने मेधावी विद्यार्थियों को साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। जिसके बाद पूरे हर्षोल्लास के साथ पलसाना कस्बे में विजय जुलूस निकाला गया।जया शिक्षण संस्थान का गौरव: दसवीं बोर्ड में अंकित और शिवराज का शानदार प्रदर्शन दसवीं बोर्ड परीक्षा में जया शिक्षण संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। संस्थान के छात्र अंकित चौधरी ने 98.33' और शिवराज सिंह शेखावत ने 98' अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान परिवार में हर्ष का माहौल है।प्रियांशु ने 95.83', विशाल कुमावत ने 94.17', अरविंद कादिया ने 91.83', यशवर्धन सिंह ने 91.67',कृष्णा सिंह शेखावत ने 91.33' और अनीषा कादिया ने 90' अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इन मेधावी छात्रों ने अपनी मेहनत से बेहतरीन परिणाम प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। यह विद्यालय अपनी उत्कृष्ट शिक्षा के साथ खेलकूद के लिए पूरे जिले में विख्यात है। लगातार दूसरी बार विद्यालय के प्रत्येक दूसरे छात्र ने 90' से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी इसी गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है।इस उपलब्धि के अवसर पर रामजीत , सचिन , रेखा , सरिता , कविता शर्मा,ज़ोरावर सिंह और किशन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया।



# किशोरपुरा के प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर पर पहली बार लगा ऐतिहासिक मेला

### विश्व प्रसिद्ध झाकियों , एवं ऊंट घोड़ियों के लवाजमे से निकाली शाही कलश यात्रा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.गुढ़ागौड़जी।**

**सुमेर मीणा ।** किशोरपुरा के प्रसिद्ध श्री चामुंडा माता मंदिर में रामनवमीं के पर्व पर गांव के इतिहास में पहली बार भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरुवात सुबह विशाल कलश यात्रा के साथ हुई। विश्वप्रसिद्ध झाकियों ओर ऊंट घोड़ों के लवाजमे के साथ निकाली गई यात्रा का गांव के प्रमुख रास्तों पर स्वागत किया गया। नेकी राम की मशहूर घोड़ियों ओर ऊंटों ने नृत्य के साथ हैरत अगेज प्रस्तुतियां दी।। सिरसा हरियाणा की नामचीन सुखदेव आर्ट ग्रुप ने एक से बढ़कर एक देवताओं के झाकियों का प्रदर्शन किया। मंदिर पर यज्ञ के आयोजन हुआ जिसमें यजमानों ने जनकल्याण के लिए आहुतियां दी। यज्ञ की पूर्णाहूति के बाद कन्या पूजन किया गया। दोपहर से रात्रि तक भंडारा चला जिसमे 2 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद पाया। सुबह से देर रात्रि तक हजारों भक्तों ने माताजी के मंदिर में मत्था टेक मनौतियां मांगी। मंदिर पुजारी रामवतार मीणा ने लगातार 45घंटे तक माता के दरबार में बैठकर सेवाएं प्रदान की। आश्रम के महंत बाबा हरिदास तुरंत दास महाराज के भी भक्तों ने धोक लगाई।दिन भर अलग अलग आश्रमों के संत महात्माओं का आगमन लगा रहा। सांय पहली बार माता मंदिर के नीचे मेला भरा जिसमे काफी दुकानें सजाई गई। झूले लगाए गए। मेले में कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें बाहर के पहलवानों ने दाव पेंच आजमाए। चामुंडा माता सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज मीणा किशोरपुरा,एवं महामंत्री अभिजीत सिंह ने बताया कि मेले की तमाम व्यवस्थाओं में माताजी की असीम कृपा के साथ साथ संपूर्ण ग्रामवासियों ओर माताजी के भक्तों का पूर्ण सहयोग एवं योगदान रहा है।गांव इतिहास में 26एवं 27मार्च का दिन एक नए अध्याय के रूप में सदा सदा के लिए लिखा गया।पूरे गांव में इस ऐतिहासिक अनूठे ओर अद्भुत कार्यक्रम की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। मेले में आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष भक्त सुरेश मीणा किशोरपुरा, सुदर्शन सिंह शेखावत, अजीत सिंह शेखावत,प.महेश शर्मा घाटीपुर,सुनील सैनी,रामेश्वर सेनी, महेंद्र सिंह शेखावत, श्रीराम कुमावत,देवेंद्र सिंह शेखावत, श्याम सिंह शेखावत, जेपी खटाना,सरपंच मोहन लाल सैनी, ओमप्रकाश मीणा,रघुवर दास जी महाराज,अजमेर नोसल आश्रम के महंत मनोहर दास दादूपंथी,काली दास जी मेनागवार माधव दास जी महाराज,हरि दास जी महाराज,श्रीराम मीणा, राकेश मीणा,सुमित कुमावत, सीताराम सैन, दीपेंद्र सिंह शेखावत, नरेश कुमावत, शिंभू दया सैनी,लीलाराम खटाना,राजेश खटाना,बजरंग पहलवान,सकील अली, दीपेन्द्र सिंह,अनिकेत कुमावत,परवीन मीणा, अजय सिंह शेखावत, अभिजीत सिंह,पंकज मीणा,किशन कुमावत,मुकेश कुमावत, कृष्ण सेन,कविश शर्मा,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त ओर ग्रामीण मौजूद थे।

# रेलवे फाटक बंद के दूसरे दिन शहर थमा–दोहरीकरण कार्य ने थाम दी रफ्तार, मंडावर में दिनभर जाम से जूझते रहे लोग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** 'रास्ता बंद हो तो मंज़िल भी बोझ लगने लगती है '–कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को मंडावर में देखने को मिला, जब बांदीकुई-आगरा रेलखंड पर चल रहे दोहरीकरण कार्य के चलते मंडावर-महवा रोड स्थित गढ़ी सवाईराम (अलवर) रेलवे फाटक संख्या 83 लगातार दूसरे दिन भी पूरी तरह बंद रहा और इसके चलते अलवर-करौली हाईवे जैसे जीवनदायिनी मार्ग पर यातायात मानो ठहर सा गया। फाटक बंद होने का असर केवल एक मार्ग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे शहर की यातायात व्यवस्था पर इसका सीधा और व्यापक प्रभाव पड़ा, जहां मुख्य बाजार से लेकर बस स्टैंड तक दिनभर वाहनों की रफ्तार रेंगती नजर आई और कई बार हालात ऐसे बने कि जाम ने लोगों की सांसें थाम दीं। गढ़ी फाटक संख्या 83 के बंद रहने से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को मजबूरी में लंबा और जटिल वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ा, जिसमें अलवर जिले के पिनान, माचाड़ी होते हुए रैणी और भूड़ा के रास्तों से होकर गुजरना पड़ा, जिससे समय, ईंधन और श्रम–तीनों की बर्बादी साफ दिखाई दी। वहीं बाहरी और स्थानीय वाहन चालकों के लिए शहर के भीतर से गुजरना भी किसी परीक्षा से कम नहीं रहा, जहां ठोडी वाले हनुमान मंदिर से वार्ड नंबर 5 और सतानंद कॉलोनी होते हुए आगरा फाटक संख्या 82 के रास्ते मुख्य बाजार से होकर निकलना पड़ा। इस दौरान 'भीड़ बढ़े तो रास्ते सिकुड़ जाते हैं' वाली स्थिति साफ नजर आई, क्योंकि वार्ड 1 से 5 के बीच की संकरी गलियों पर अचानक यातायात का दबाव कई गुना बढ़ गया। स्थिति को और गंभीर तब बना दिया जब वैकल्पिक मार्गों के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से किसी प्रकार के संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए, जिससे अनजान वाहन चालकों को राहगीरों और स्थानीय लोगों से रास्ता पूछकर आगे बढ़ना पड़ा। बेटी चौक और भूड़ा मोड़ जैसे मुख्य केंद्रित स्थानों पर दिशा-निर्देशों के अभाव ने अव्यवस्था को और बढ़ा दिया, जिससे यह प्रश्न भी खड़ा हुआ कि क्या ऐसे बड़े कार्यों के दौरान आवश्यक प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल कागजों तक सीमित रह गई है। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए शहर में सीमित संख्या में पुलिस और यातायात कर्मी तैनात जरूर रहे, लेकिन वाहनों के अत्यधिक दबाव के आगे यह व्यवस्था नाकाफी साबित हुई। आगरा फाटक संख्या 82 पर ट्रेनों के आवागमन के दौरान बार-बार फाटक बंद होने से स्थिति और विकट हो गई, जहां एक तरफ लंबी कतारों में खड़े वाहन और दूसरी ओर धूप में परेशान लोग–दोनों ही प्रशासनिक तैयारी पर सवाल खड़े करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के कार्यों से पहले यदि ठोस वैकल्पिक व्यवस्था, स्पष्ट संकेतक और पर्याप्त यातायात प्रबंधन किया जाए तो आमजन को इस तरह की परेशानी से बचाया जा सकता है। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' जैसी कहावत यहां चरितार्थ होती दिखी, जहां प्रबंधन की कमी ने पूरे शहर को जाम के जाल में उलझा दिया।

### इनका कहना है?

लाइन दोहरीकरण कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन तथा मंडावर एसडीएम के आदेशों के बाद संबंधित अलवर फाटक संख्याँ-83 को तय घोषित अवधि के लिए बंद रखा गया है। कार्य पूर्ण होने अथवा घोषित समय सीमा समाप्त होते ही फाटक को पुनः खोल दिया जाएगा।

**रामचंद्र वर्मा (एक्सईन रेल्वे कंस्ट्रक्शन)**

# रामपुरा दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का होगा आयोजन

### 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में होगा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

### सजेगा बजरंगबली का भव्य दरबार- अश्विनी आचार्य महाराज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**



**सुमेर मीणा ।** रामपुर के पास स्थित 24 कोशिया परिक्रमा मार्ग पर दक्षिण मुखी बालाजी पीठ संत आश्रम रामपुर में आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम की आयोजन होंगे द्य स्वामी श्री अश्विनी आचार्य महाराज पीठाधीश्वर वेंकटेश बालाजी मठ लोहार्गल धाम तीर्थ व दक्षिण मुखी बालाजी पीठ संत आश्रम रामपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में मंडल पूजन, गरुड़ ध्वजा स्थापना, महाभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा द्य रामपुरा दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।

# राम जानकी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड,हनुमान चालीसा पाठ व श्रीराम स्तुति का सामूहिक रूप से हुआ वाचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के राम जानकी हनुमान मंदिर में माह के प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, श्रीराम स्तुति मार्च माह के अंतिम शनिवार को श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ सामूहिक रूप से आयोजन हुआ।

यह जानकारी देते हुए संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने बताया कि छात्रावास के महामंत्री महेंद्र कुमार माली व कोषाध्यक्ष झाबरमल माली के नेतृत्व में सामूहिक सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ व श्रीराम स्तुति का वाचन हुआ तथा आरती आयोजित कर आशीर्वाद स्वरूप भगवान का प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर सज्जन कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, गोविंद गढ़वाल, अनिल जाजम, अंकित गौड़, संदीप पिपलोदिया, युवराज सांखला सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य, विधार्थियो ने सामूहिक वाचन किया। समिति के महामंत्री महेंद्र कुमार माली ने बताया कि राम जानकी हनुमान मंदिर में जो भी श्रद्धालु भक्त पवित्र भाव व मन से भगवान का स्मरण, ध्यान कर पूजा अर्चना करते हैं व मंदिर में आकर सुंदरकांड पाठ का वाचन करने व सुनने मात्र से सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं।

# बालिका आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

बालिका आदर्श विद्या मंदिर शनिवार को सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ विधिवत् रूप से आयोजित हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक श्री कुमार लाखोटिया थे। जबकि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर, व्यवसायी रामस्वरूप सोमानी, भारतीय विद्या मंदिर समिति के पुरुषोत्तम मिश्रा, राजकुमार खिरवेवाल , विजेंद्र बिजारणियां मंचस्थ अतिथि थे।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया ।कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त अदिति वर्मा 96.33?प्रतिशत , द्वितीय स्थान प्राप्त देवांशी जोशी 95.83 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान प्राप्त कौमुदी शर्मा 94 प्रतिशत को सम्मानित किया गया इसी क्रम में कुल 18 छात्राओं ने गार्गी पुरस्कार सूची में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं व शत- प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया

# रामनवमी पर झडाया बालाजी पर मेले का हुआ आयोजन

### अंतिम कुश्ती में छगन खटूंद्रा व निक्की पाटन के बीच बराबरी पर रहा मुकाबला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**



**सुमेर मीणा ।** उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव के पास स्थित झड़ाया बालाजी मंदिर पर रामनवमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया द्य मेले का आयोजन मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ द्य इस मेले के दौरान सिरोही चला पचलंगी सहित आसपास के गांवो से हजारों की तादाद में महिला एवं पुरुषों ने आकर मेले में आकर खरीदारी की द्य मंदिर परिसर में संतों का भी सम्मान किया गया द्य मेला कमेटी संयोजक मदनलाल भावरिया ने कहा कि पहलवानों की कुश्ती दंगल से संदेश मिलता है कि पहला सुख निरोगी काया है द्य भावरिया के अनुसार स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है द्य मेले में श्रद्धालुओं ने आकर बालाजी महाराज के धोक लगाकर मन्नते मांगी द्य अंतिम कुश्ती 21000 हजार रुपए की रही अंतिम कुश्ती के भामाशाह विकास यादव युवा नेता गोविंदपुरा के द्वारा करवाई गई द्य मेले के दौरान रात्रि में प्रकाश चंद गुर्जर और झाबर छेला और पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए द्य मेले के दौरान जीपीएस स्कूल के अध्यक्ष संपत बेनीवाल, अजय धायल, उदयपुरवाटी थाना प्रभारी रामपाल मीणा, डॉ रामकुमार सिराधना, पचलंगी चौकी इंचार्ज फतेह सिंह, कुंभाराम पहलवान, रामावतार डांगी, विकास पहलवान एवं पत्रकारों का भी मेला कमेटी की तरफ से सम्मान किया गया द्य मेला कमेटी द्वारा मेला कमेटी के अध्यक्ष हनुमान यादव का भी सम्मान किया गया द्य इस दौरान मेला कमेटी संयोजक मदनलाल भावरिया, मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान यादव, मेला कमेटी व्यवस्था प्रभारी विकास जांगिड़, डॉ रामावतार गजराज,महेंद्र तेतरवाल , दीपचंद दादरवाल प्रिंसिपल ,मनीराम सिरोही, लक्ष्मण गुर्जर ,बजरंगलाल,कैलाश पटेल, सुभाष लांबा, बनवारी लाल,भोलाराम, महादेव जांगिड़, छगन कसाना, रमेश चंद, सहित कई लोग मौजूद रहे

# शाहजहांपुर में पीएचईडी मंत्री संजय सिंह और प्रमोद शर्मा का भव्य स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** उपखंड क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर मे- बिहार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह और बाड़मेर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा का आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दीपेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भगवा रक्षा वाहिनी राजस्थान के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर अतिथियों का फूल-मालाओं और बुके भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में टीआरसी ग्रुप से विकास पहलवान, विजय प्रताप, सोनू, शीशराम, आशीष गौड़ (अधिवक्ता) और विजय लक्ष्मी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान उपस्थित जनों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए क्षेत्रीय विकास, सामाजिक समरसता और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दीपेश चौधरी ने कहा कि संजय सिंह और प्रमोद शर्मा का शाहजहांपुर आगमन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि दोनों अतिथियों के अनुभव और ज्ञान से क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी।

# जयपुर में 6-7 अप्रैल को होगा राजस्थान फिजियो समिट 2026

### देशभर के विशेषज्ञों का होगा भव्य संगम; राज्यपाल और विधानसभाध्यक्ष होंगे शामिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



**जयपुर ।** राजस्थान की स्वास्थ्य शिक्षा और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में 'राजस्थान फिजियो समिट 2026' का आयोजन आगामी 6-7 अप्रैल को बीएम बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन RUHS से संबद्ध फिजियोथेरेपी कॉलेजों एवं राजस्थान तथा देश के प्रमुख निजी विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है।

इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देशभर से लगभग 2000 से 2500 छात्र, शोधकर्ता, शिक्षाविद् और क्लिनिशियन भाग लेंगे, जिससे यह कार्यक्रम फिजियोथेरेपी क्षेत्र का एक विशाल ज्ञान एवं अनुभव साझा करने का मंच बनेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और RUHS के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद येओले सहित राजस्थान एवं देश के कई गणमान्य अतिथियों के उपस्थित रहने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी के प्रतिष्ठित पदाधिकारी डॉ. संजीव झा, डॉ. अली ईरानी, डॉ. रुचि वर्श्नेय एवं डॉ. जोजी जॉन भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। देशभर से कई विशिष्ट एवं अनुभवी वक्ता अपने विचार एवं ज्ञान साझा करेंगे।

#### फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशेषज्ञों का सम्मान

सम्मेलन की प्रमुख विशेषताओं में वैज्ञानिक प्रस्तुतियां, पोस्टर प्रेजेंटेशन, शोध गतिविधियां, क्लिनिकल डिस्कशन तथा एक भव्य सांस्कृतिक संध्या शामिल हैं। साथ ही, फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशेषज्ञों का सम्मान समारोह (Felicitation Ceremony) भी आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक होगा, बल्कि शोध, नवाचार और क्लिनिकल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस भव्य आयोजन के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव तनेजा, आयोजन अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार सिंह, मुख्य संयोजक डॉ. मालीराम शर्मा, संयोजक डॉ. कपिला जैन एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार शर्मा हैं, जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# टोहाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही: गोल्डी बराड़ के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

## व्यापारी से मांगी थी 12 लाख रुपये की रंगदारी; टोहाना पुलिस ने पश्चिम चंपारण (बिहार) के आरोपी को दबोचा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक व्यापारी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल मामले में तीसरे आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान जियाउल हक पुत्र शेख फकरे आलम, निवासी जोकटिया, थाना मझौलिया, जिला पश्चिम चंपारण (बेतिया), बिहार के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता अमित जैन (निवासी जैन गली, टोहाना) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 27 सितंबर 2022 को उनके व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से लगातार मैसेज आए। संदेश भेजने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ (यूएसए) बताते हुए 12,00,000 रुपये की मांग की थी। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो अगले दिन उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में हिन्द ए जेर दफा 387,506 के तहत मुकदमा नंबर 462/2022 दर्ज किया गया था।इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।तकनीकी जांच और साइबर सेल की मदद से इस नेटवर्क के तार बिहार से जुड़े पाए गए, जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी जियाउल हक को काबू किया।आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### फतेहाबाद पुलिस की सतर्कता अपील

एसपी सिद्धांत जैन ने व्यापारियों और आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी गैंगस्टर या अपराधी के नाम पर डराने-धमकाने या रंगदारी मांगने की कोशिश करे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ऐसे अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# टोहाना पुलिस की बडी कार्यवाही: बस स्टैंड पर भीड़ का फायदा उठाकर जेब काटने वाली दो महिलाएं काबू

### यात्री का पर्स चोरी कर उड़ाए थे 5000 रुपये; पुलिस ने आरोपियों से चोरी की राशि की बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर चोरी और जेबकतरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना सदर टोहाना की कुलां पुलिस चौकी ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बस स्टैंड पर भीड़ का फायदा उठाकर एक यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला आरोपियों की पहचान बिमला देवी उर्फ इन्द्रा पत्नी पप्पू (निवासी रहन खेड़ी, फतेहाबाद) और रोशनी पत्नी जगदीप उर्फ जग्गू (निवासी हरयाऊ, पटियाला, पंजाब) के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता अवतार सिंह (निवासी धारसुल कलां), जो पेशे से ड्राइवर है, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 मार्च 2026 की सुबह करीब 9:00 बजे वह पटियाला जाने के लिए कुलां बस स्टैंड पर खड़ा था। बस आने पर यात्रियों की काफी भीड़ हो गई। भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने बस में चढ़ते समय अवतार की जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में 5000 रुपये नगद और आधार कार्ड की छाया प्रति थी। पीड़ित की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मुकदमा नंबर 49/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर दोनों महिला आरोपियों को काबू किया।पुलिस ने गिरफ्तार महिलाओं के कब्जे से चोरी किए गए 5000 रुपये की पूरी राशि बरामद कर ली है।मामले की जाँच जारी है ।

फतेहाबाद पुलिस की सतर्कता अपील:एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की है कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन या बाजारों में यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान और पर्स का विशेष ध्यान रखें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तुरंत पास के पुलिस कर्मी या डायल 112 पर सूचना दें।

# जयपुर एयरपोर्ट पर समर शेड्यूल का असर:13 फ्लाइट्स का संचालन कल से बंद, पैसेंजर्स की बढ़ी परेशानी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

**जयपुर ।** समर शेड्यूल लागू होते ही जयपुर एयरपोर्ट से संचालित होने वाली कई उड़ानों पर बड़ा असर पड़ा है। कल से कुल 13 फ्लाइट्स का संचालन बंद कर दिया जाएगा, जिससे पैसेंजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के लिए यात्रा करने वाले लोगों की दिक्कतें बढ़ेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 साल में 57% की बढ़ोतरी, सलवान पब्लिक स्कूल में फीस वृद्धि के विरोध में पैरेंट्स का हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज-3 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल में फीस




बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बढ़ी हुई फीस न चुकाने पर छात्रों के नाम काटने के नोटिस दिए जाने और कुछ छात्रों के परिणाम जारी न करने के आरोपों के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने हाल ही में फीस में बढ़ोतरी की है। कई अभिभावकों ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए बढ़ी हुई फीस देने में असमर्थता जताई, जिसके बाद उन्हें बच्चों के नाम काटने के नोटिस भेजे गए। अभिभावकों का यह भी आरोप है कि जिन छात्रों की बढ़ी हुई फीस जमा नहीं हुई, उनके रिजल्ट भी रोके जा रहे हैं। अभिभावकों ने प्रदर्शन के दौरान स्कूल प्रशासन से फीस बढ़ोतरी वापस लेने और सभी छात्रों के परिणाम जारी करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं, मामले को लेकर स्कूल प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अभिभावकों का कहना है कि वे इस मुद्दे को लेकर संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे, ताकि छात्रों के हितों की रक्षा की जा सके।

### कई माह से बंद है मधुबन अंडरपास, लोगों की आवाजाही के लिए बढ़ी मुश्किलें

नईदिल्ली, एजेंसी। पटपड़गंज मार्ग पर मधुबन अंडरपास का एक लेन कई माह से बंद है। बचे एक लेन पर ही दोनों दिशाओं से वाहनों की



आवाजाही हो रही है। इसके कारण आए दिन सड़क पर जाम और दुर्घटनाएं हो रही है। राहगीरों का आरोप है कि इलाके की मुख्य सड़क पर लापरवाही का अंजाम यहां के लोग भुगत रहे हैं। इस सड़क पर चल रहे लोगों की जान हमेशा खतरे में रहती है। आरओबी के नीचे खोदे गए गड्ढे की सही से बैरिकेडिंग नहीं होने कारण कभी हादसे की संभावना बनी रहती है । स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग चार माह पहले आरओबी के नीचे निर्माण कार्य के लिए सड़क को तोड़ कर बंद किया गया था। कुछ दिन बाद प्रदुषण कंट्रोल के लिए शहर में ग्रैब नियम लगाए जाने के बाद से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। तब से आज तक सड़क बंद है। यह विकास मार्ग को साउथ गणेश से जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है। एक ही लेन पर वाहनों की आवाजाही होने के कारण शाम के समय सड़क पर जाम और दुर्घटना की समस्या की उत्पन्न हो रही है। वहीं आरओबी के पास सड़क पर खोदे गए गड्ढे पानी से भर गए हैं। पास में स्कूल और कालेज होने के कारण बच्चे रोजाना इधर से गुजरते हैं। सही से बैरिकेडिंग न होने के कारण हादसा होने की संभावना बनी रहती है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण आसपास के लोगों को मच्छर जनित बीमारी फैलने का डर सता रहा है । इस मामले पर साउथ जोन के नगर निगम चेयर मैन राम किशोर शर्मा का कहना है कि यह काम रेल्वे द्वारा कराया जा रहा । कई दिनों से निर्माण कार्य बंद है जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग पर यातायात में अवरोध वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। शाम होते ही अंडरपास के नीचे अंधेरा छा जाता है । एक ही साइड से दोनों तरफ की गाड़ियां आती-जाती है। जिसके कारण आए दिन जाम और दुर्घटना से लोग जूझ रहे हैं।

# जिले में डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू: डीसी

## मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद डीसी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

### अफवाहों पर ध्यान न दें, आवश्यकतानुसार ही करें खरीदारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकतानुसार ही ईंधन व गैस की खरीदारी करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक के उपरांत जिला अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए डीसी ने कहा कि सभी गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर ईंधन की उपलब्धता की जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सही स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन डिपुओं पर वितरण प्रणाली सुचारू रूप से संचालित रहे। साथ ही, जिला में कार्यरत मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। डीसी ने यह भी कहा कि सभी सरकारी कैंटीनों पर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध रहें। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों और सुझावों का गंभीरता से निपटान किया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार तेल और गैस एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा दी कि आवश्यक वस्तुओं को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिक डीजल, पेट्रोल या रसोई गैस से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 01667-230773 पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और कालाबाजारी व जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला वासियों को आश्वस्त करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिले में सभी आवश्यक ईंधन व गैस की आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनावश्यक भंडारण से बचें, प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से सावधान रहें। इस अवसर पर डीएफएससी कुशल बूरा, डीआईओ सिकंदर, राजपाल पंवार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## बाछौद-मिर्जापुर मेले में 21 हजार रुपए की कुश्ती रेशम पहलवान ने जीती



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** बाबा ठाठेसर महाराज के मेले गांव मिर्जापुर-बाछौद में अनेक खेल कूद प्रतियोगिताए व भंडारा हुआ है। जिसमें अनेक खिलाडियों ने हिस्सा लेक र अपना जोहर दिखाया। मेले में 21 हजार रुपए तक की कु श्तियां हुई। मेला कमेटी की ओर से विजेता टीमों व खिलडियों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा 295 दी जिम के संचालक नरेशकुमार की तरफ से योगा करने वाली बच्चियों को 500-500 रुपए नकद व कबड्डी में विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी, कोच, रेफरी व अन्य को 2100 रुपए के वीआई पी बैग से सम्मानित किया। मेला कमेटी के सदस्य मास्टर कालूराम ने बताया कि 21 हजार रुपए की कुश्ती रेशम पहलवान ने बलवान को हरा कर जीती। इसके अलावा 11 हजार रुपए की दो हुई कुश्तियों में बलजीत बाघौत व कपिल भिवाड़ी ने जीती। बालीबाल शूटिंग में प्रथम पथरेड़ी को 15 हजार,द्वितीय निमोठ को 11 हजार रुपए का पुरस्कार मेला कमेटी की ओर से प्रदान किया गया। क्रिकेट में प्रथम खत्म -11 मिर्जापुर-बाछौद रही जिसे 51 हजार तथा द्वितीय लीजेंड मिर्जापुर-बाछौद रही जिसे 31 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। नेशनल कबडड़ी में प्रथम सोनिपत रहने वाली टीम को 51 हजार व द्वितीय रोहतक टीम को 31 हजार रुपए का नकद इनाम दिया गया। प्रो कबड्डी अंडर 14 वर्ग को भी पुरस्कृत किया गया। मेले में जोन सिंह, विक्रम सिंह, अजय डीपीई, संदीप समेत अनेक रेफरी के रूप में अविस्मरणीय निर्णय दिये। इस अवसर पर सरपंच संजय बागड़ी, दिलबाग सिंह, प्रधान चंद्रमण शर्मा,रमेश मास्टर, रामूतार नंबरदार, अमिचंद यादव, रविंद्र बानिया, मास्टर सुमेर, पवन यादव, सहायक मैनेजर सुमित कुमार, तेजप्रकाश फौजी, बेद मास्टर सहित अनेक गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 8 माह में 65 नाइजीरियन पकड़े, नकली स्टैंप लगाकर बना लेते हैं फर्जी वीजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम व फरीदाबाद सीमा से लगे दक्षिणी दिल्ली के क्षेत्रों में नाइजीरियन गिरोह के खिलाफ पिछले आठ माह से दक्षिणी जिला पुलिस की कार्रवाई चल रही है। नाइजीरियाई मूल के 15 तस्करों पर एफआईआर दर्ज की गई। वहीं, 65 ऐसे नाइजीरियन को पकड़ा गया, जिनके पास वैध वीजा ही नहीं था। कुछ तो 10 वर्ष से बिना वीजा या फर्जी वीजा के साथ रहते मिले हैं। एफआरआरओ के समक्ष पेश कर इन्हें लामपुर डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया, जहां डिपोर्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक नशा तस्करी में गिरफ्तार नाइजीरियन को कोर्ट में केस चलने तक यहीं रहना होगा। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें भी डिपोर्ट किया जाएगा। डेढ़ दशक पहले तक नाइजीरियन मूल के तस्कर दक्षिणी दिल्ली में सक्रिय थे। एनसीआर से लेकर नेपाल तक यहीं से नशे का सामना जाता था। उस समय दिल्ली पुलिस ने नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया। पुलिस की दहशत तस्करों पर ऐसी छाई कि नाइजीरियन मूल के ज्यादातर लोग द्वारका और एनसीआर में शिफ्ट हो गए। पिछले दो-तीन वर्षों में अब फिर से दक्षिणी दिल्ली में नशे के कारोबार ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। खानपुर, देवली, संगम विहार, महरौली व हौजरानी में नाइजीरियन मूल के लोगों की अच्छी आबादी है। मकान मालिक मोटे किराए के फेर में पुलिस वेरिफिकेशन से बचते हैं। फर्जी तरीके से रहने वाले नाइजीरियाई मूल के लोगों के खिलाफ महरौली थाना क्षेत्र में एसएचओ महरौली ऋतेश शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर नाइजीरियन वीजा अवधि पूरी होने के बाद भी दिल्ली के घने इलाकों में छिपकर रहते हैं। वीजा की फोटो कापी में डेट के साथ छेड़छाड़ कर नकली स्टैंप भी लगा लेते हैं।

## अतीक-मुख्तार सहित अंडरवर्ल्ड को विदेशी हथियार मुहैया कराता था खुर्जा का अंसारी गैंग, कैसे होती थी सप्लाई

नईदिल्ली, एजेंसी। विदेशी हथियारों की खरीद-फरोख्त के आरोप में क्राइम ब्रांच ने जिन दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है वे खुर्जा के रहने वाले देश के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय विदेशी हथियार तस्कर शाहबाज अंसारी गिरोह से कई सालों से जुड़कर काम कर रहे थे। बुलंदशहर का खुर्जा, चीनी मिट्टी के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन पिछले कुछ दशक से शाहबाज और कुर्बान अंसारी भाइयों के कारण यह शहर विदेशी हथियारों की तस्करी के एक बड़े केंद्र के रूप में जाना जाता है। दोनों भाईयों का खुर्जा में ''अंसारी क्राकरी'' नाम से बड़ा कारोबार है। इसकी आड़ में पिछले चार दशक से भी अधिक समय से इनका विदेशी हथियारों की खरीद-फरोख्त का पुश्तैनी धंधा चल रहा है। ये लोग यूरोप व अमेरिका समेत कई देशों से विदेशी हथियार मंगवाकर उन्हें मुंबई अंडरवर्ल्ड समेत कई राज्यों के गैंगस्टरों, शराब माफिया व बाहुबली नेताओं को मुहैया कराते रहे हैं। अंसारी के चेन इतने लंबे हैं कि राज्यों की पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों को इन्हें ध्वस्त कर पाना बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुलिस व केंद्रीय एजेंसियां अगर इस गिरोह के सदस्यों को कभी पकड़ने की कोशिश करती है तो लंबे समय तक जांच के बाद इसके कुछ कैरियर पकड़े जाते हैं और उनसे विदेशी हथियार बरामद हो जाते हैं लेकिन इसके चेन को कोई ध्वस्त नहीं कर पाता है। कुछ साल पहले कुर्बान की अधिक उम्र व बीमारी के कारण मौत हो गई जबकि शाहबाज, पकड़े जाने से बचने के लिए बांग्लादेश को अपना ठिकाना बना रखा है।

**हवाला के जरिये बांग्लादेश व दुबई में मंगवाता है पैसे** - वहीं से वह आईएसआई के सहयोग से पाकिस्तान से विदेशी हथियार मंगवाकर भारत के विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर रहा है। दिल्ली-6, अंसारी का सबसे बड़ा गढ़ रहा है। यहां के हवाला कारोबारियों के जरिये वह बांग्लादेश व दुबई में पैसे मंगवाता है। उसके बाद संबंधित देशों को पेमेंट पहुंचाने के बाद वह विदेशी हथियारों की खेप पाकिस्तान से भाया दुबई, बैंकाक, नेपाल, बांग्लादेश होते हुए फिर भारत में मंगलता है। पुलिस का कहना है कि दुबई में इस वक्त रेहान, अंसारी के लिए काम कर रहा है। मुंबई के एक लक्की नाम के हवाला कारोबारी की भी पहचान हुई है। अंसारी बंधुओं के परिवार के कई सदस्य पाकिस्तान में रहते थे जिससे इन लोगों का पहले अक्सर पाकिस्तान आना जाना होता था। उसी आड़ में ये लोग पहले बर्तनों की आड़ में समझौता एक्सप्रेस ट्रेन से विदेशी हथियार सीधे दिल्ली ले आते थे।

## एलबीएस स्कूल का शानदार रिजल्ट, पचेरी में निकाली गई भव्य विजय जुलूस रैली

भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।

एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल, पचेरी बड़ी के दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता के बाद विद्यालय परिवार ने पूरे क्षेत्र में भव्य विजय जुलूस रैली निकालकर जश्न मनाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, स्टाफ और अभिभावकों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक अतुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि स्कूल की छात्रा प्रियांशी रोहिल्ला पुत्री घनश्याम रोहिल्ला निवासी गूंति ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में टॉप किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पचेरी बाजार के मुख्य मार्ग से बस स्टैंड तक विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें डीजे की धुन पर छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए।जुलूस के बाद स्कूल परिवार ने एक अनूठी पहल करते हुए टॉपर विद्यार्थियों के घर जाकर उनके माता-पिता के साथ खुशी साझा की। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया तथा अभिभावकों को बधाई दी गई।

प्रबंधक निदेशक जांगिड़ ने बताया कि





टॉपर छात्रा प्रियांशी रोहिल्ला गूंती गांव की निवासी हैं। इस गांव के तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। जब स्कूल का स्टाफ और छात्र-छात्राएं गांव पहुंचे तो ग्रामीणों और परिजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देता है और गूंती गांव के बच्चों का नाम रोशन करता है। उन्होंने गर्व जताते हुए कहा कि उनके गांव में हर बार स्कूल का विजय जुलूस पहुंचता है, जो पूरे गांव के लिए सम्मान की बात है। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश कुमार जांगिड़ के प्रति भी ग्रामीणों ने विश्वास जताते हुए कहा कि वे बच्चों की देखभाल अभिभावक की तरह करते हैं और हर वर्ष उम्मीद से बेहतर परिणाम देते हैं। डायरेक्टर सुरेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि विजय जुलूस पचेरी के मुख्य बाजार से शुरू होकर गूंती, पथाना, भालोठ, ढाणी भालोठ, काकड़ा, घसेड़ा, सागवा, देवलावास, मेघपुर पाथरोली, सांतौर से होते हुए रसूलपुर तक निकाला गया और पुनः पचेरी पहुंचा। इस दौरान सभी टॉपर विद्यार्थियों के घर जाकर उनके माता-पिता एवं विद्यार्थियों को प्रगति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में खुशी, उत्साह और गौरव का माहौल रहा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



## अमेरिका में प्रवासियों को बिना जमानत हिरासत में रखने पर बड़ा फैसला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया है कि सरकार प्रवासियों को बिना जमानत के हिरासत में रख सकती है। यह फैसला 8वीं सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने दिया, जिसने पहले के निचली अदालत के आदेश को पलट दिया। पहले कहा गया था कि बिना दस्तावेजों के पकड़े गए लोगों को जमानत सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। यह मामला मेक्सिको के नागरिक जोकिन हेरेरा एविला से जुड़ा था, जिन्हें 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने जमानत की मांग की थी, लेकिन अब अदालत ने कहा कि कानून के तहत सरकार उन्हें हिरासत में रख सकती है। यह दूसरा बड़ा फैसला है जो ट्रंप प्रशासन के सख्त इमिग्रेशन रुख के पक्ष में गया है। अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने इसे बड़ी जीत बताया है। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों ने इस फैसले पर चिंता जताई है और कहा है कि इससे हजारों लोगों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को और गहरा करने पर दिया जोर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के वरिष्ठ विधायकों और अधिकारियों ने पाकिस्तान के साथ अधिक गहरे और परिणाम-उन्मुख संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है और इस रिश्ते को 'जटिल' बताया है। कैपिटल हिल पर बुधवार को टाम सुओजी और जैक बर्गमैन द्वारा आयोजित एक द्विदलीय संगोष्ठी में 200 से अधिक नीति-निर्माताओं, राजनयिकों और विशेषज्ञों ने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों की दिशा का आकलन किया। सुओज़ी ने कहा, 'ऐसे समय में जब हमारा देश और दुनिया बढ़ती विभाजन की भावना महसूस कर रहे हैं, पाकिस्तान जैसे महत्वपूर्ण साझेदारों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना पहले से कहीं अधिक जरूरी है।' संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान के बीच



संबंध जटिल रहे हैं। बर्गमैन ने विभाजनों के पार संवाद और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसी एकता संयोग से नहीं होती। यह बातचीत से शुरू होती है। यह इस साझा विश्वास से शुरू होती है कि जब लोग साथ आते हैं, खुले तौर पर विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और सम्मानपूर्वक जुड़ते हैं, तो प्रगति संभव है।' उन्होंने जोड़ा कि स्थायी प्रगति के लिए असहमतियों को 'सम्मान के साथ' संभालना आवश्यक है।

अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने इस रिश्ते को दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान का यह संबंध निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संबंधों में से एक है, जो लगभग आठ दशकों में कई सफल साझेदारियों के रूप में सामने आया है। हर बार जब हम साथ आए हैं, इसका प्रभाव द्विपक्षीय दायरे से परे रहा है और पूरी दुनिया को लाभ हुआ है।'

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव एस पॉल कपूर ने कहा कि वाशिंगटन ठोस परिणाम चाहता है। 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अमेरिका-पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों में सद्भावना और उच्च-स्तरीय ध्यान अमेरिकी और पाकिस्तानी लोगों के लिए ठोस लाभ में बदलें।'

इस संगोष्ठी में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर पैनल चर्चाएं हुईं। विशेषज्ञों ने क्षेत्रीय स्थिरता, जिसमें भारत व चीन के साथ पाकिस्तान के संबंध भी शामिल हैं और व्यापार व निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया। (अटलांटिक काउंसिल) ने कहा कि यह साझेदारी 'अच्छी स्थिति में है,' लेकिन इसे समय के साथ अधिक टिकाऊ बनाने की जरूरत है। पूर्व राजदूत तौकीर हुसैन ने चेतावनी दी कि अमेरिकी नीति केवल दिखावे से आगे बढ़नी चाहिए। 'अगर अमेरिका अच्छे साझेदार चाहता है, तो उसे अच्छी नीतियां बनानी चाहिए। सुरक्षा चिंताएं भी प्रमुख मुद्दा रहीं। लीसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अब भी 'एक खतरनाक और घातक संगठन' है और पाकिस्तान की स्थिरता सुनिश्चित करने में अमेरिका की रुचि पर जोर दिया। हसन अब्बास ने आतंकवाद, संगठित अपराध और सीमा-पार खतरों से निपटने के लिए नागरिक कानून-प्रवर्तन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। आर्थिक मोर्चे पर सोफयां युसूफी ने पाकिस्तान में डिजिटलीकरण और व्यापक आर्थिक सुधारों की ओर बढ़ते प्रयासों का उल्लेख किया लेकिन निर्यात और विदेशी मुद्रा बढ़ाने के लिए स्पष्ट औद्योगिक नीति की जरूरत बताई।

# कोहली ने बनवाया नया टैटू



## भारतीय फुटबॉल पर दाग! पैसों के झगड़े में कोच और खिलाड़ी स्टेडियम के बाहर अटके

**कोच्चि।** भारतीय पुरुष सीनियर फुटबॉल टीम को गुरुवार को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक अप्रत्याशित स्थिति का सामना करना पड़ा, जब खिलाड़ियों और मुख्य कोच को प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए प्रवेश से रोक दिया गया। यह विवाद स्टेडियम के सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान को लेकर सामने आया। भारतीय टीम, जिसमें केरल के तीन खिलाड़ी भी शामिल थे, और मुख्य कोच खालिद जमील आगामी एएफसी एशियन कप क्वालिफायर मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। 31 मार्च को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ होने वाले इस मुकाबले से पहले यह मीडिया बातचीत तय थी, लेकिन भुगतान विवाद के चलते इसे रद्द करना पड़ा। यह मामला स्टेडियम के मालिक ग्रेटर कोचिन डेवलपमेंट अथॉरिटी और केरल फुटबॉल एसोसिएशन के बीच बकाया राशि को लेकर है। जानकारी के मुताबिक, केरल फुटबॉल एसोसिएशन को मैच के लिए स्टेडियम चार दिनों तक बुक करने के बदले एक निश्चित सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा करना था, जो समय पर नहीं किया गया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशनके एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'मुद्दा यह है कि केरल फुटबॉल एसोसिएशन को स्टेडियम को चार दिन के लिए बुक करने के लिए एक निश्चित राशि जमा करनी थी। इसी कारण स्टेडियम प्रशासन ने एंट्री रोक दी।'

## दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ने लिया संन्यास, रियो ओलंपिक में रचा था इतिहास

**मियामी, एजेंसी।** बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा, 'मेरा सफर यहीं समाप्त होता है। ' उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया।



## जीवन-अनुभव और बदलाव की कहानी को दर्शाता है

**बंगलूरू, एजेंसी।** बंगलूरू दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले अपने टैटू कलेक्शन में एक नया और खास डिजाइन शामिल किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज का नया टैटू उनके जीवन, अनुभव और व्यक्तिगत बदलावों की कहानी को दर्शाता है।

### पुराने डिजाइनों को एक नई कहानी में पिरोना

विराट कोहली ने जिस स्टूडियो में टैटू बनाया वहां से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, 'यह टैटू उनकी बाईं बांह पर बनाया गया है, जहां पहले से मौजूद टैटू को हटाने के बजाय उन्हें और बेहतर और गहराई देने का काम किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य पुराने डिजाइनों को एक नई कहानी में पिरोना है, जो मौजूदा समय के कोहली की सोच और व्यक्तित्व से मेल खाती हो।'

### टैटू की शुरुआत ऐसे हुई, पैटर्न में बदलता

इस टैटू की शुरुआत शिव से प्रेरित एक आर्मबैंड को फिर से डिजाइन करने से हुई। इसके बाद यह डिजाइन एक बारीक मंडला पैटर्न में बदलता है, जिसे डॉटवर्क तकनीक से तैयार किया गया है। यह पैटर्न पूरी बांह पर एक फ्लो बनाता है और टैटू स्लीव का आधार तैयार करता है।टैटू में कमल और पियोनी जैसे फूलों को भी शामिल किया गया है, जो मजबूती, विकास और आंतरिक संतुलन के प्रतीक माने जाते हैं। हालांकि, इन डिजाइनों के पीछे छिपे व्यक्तिगत अर्थ को पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया गया है, जिससे इसमें एक रहस्य भी बना रहता है।

### टैटू स्लीव को जानबूझकर अधूरा छोड़ा

स्टूडियो ने यह भी बताया कि इस टैटू स्लीव को जानबूझकर अधूरा छोड़ा गया है। इसका कारण यह है कि कोहली के जीवन में आने वाले नए अनुभव, बदलाव और उपलब्धियां भविष्य में इस टैटू में जुड़ती रहेंगी। यानी यह टैटू किसी एक पल का प्रतीक नहीं, बल्कि उनकी पूरी यात्रा का साक्षी और जीवंत दस्तावेज बनेगा।विराट कोहली आईपीएल के पहले सीजन (2008) से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। वह लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। टीम का यह पहला खिताब था और इसमें विराट कोहली की यादगार भूमिका रही थी। कोहली ने 15 मैचों में 8 अर्धशतक लगाते हुए 657 रन बनाए थे। आरसीबी आईपीएल 2026 में अपना खिताब डिफेंड करने उतरेगी और इसके लिए विराट कोहली का असाधारण प्रदर्शन एक बार फिर जरूरी होगा।

## अक्षर के बाद अब शुभमन गिल ने भी इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अब विरोध बढ़ता जा रहा है। पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इसके खिलाफ बयान दिया और अब गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इस पर सवाल खड़े किए हैं। इम्पैक्ट प्लेयर नियम से टीमों के मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बाहर भेजकर दूसरे किसी खिलाड़ी को शामिल करने की मंजूरी मिलती है। इस नियम पर पहले भी भारतीय खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है, जिनमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल शामिल हैं। मुंबई में बुधवार को हुई आईपीएल कप्तानों की बैठक में गिल सहित अधिकांश कप्तानों ने बीसीसीआई से इस नियम की समीक्षा करने की मांग की। यह नियम 2023 में लागू किया गया था और इसे कम से कम 2027 तक बढ़ाया गया है। गिल ने कहा, निजी तौर पर मेरे ख्याल से इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होना चाहिए। इस मैच एकतरफा होता है। क्रिकेट सामान्यतः 11 खिलाड़ियों का खेल है। इसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज जोड़ने से खेल की वास्तविक चुनौती और खिलाड़ी की कौशल का महत्व कम हो जाता है। खेल में एक निश्चित कौशल होता है। अगर आपकी कुछ मुख्य बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाएं, तो टीम को अच्छी स्कोर तक पहुंचाने के लिए रणनीति और कौशल की जरूरत होती है। लेकिन इस एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल का झुकाव एकतरफा हो गया है। इससे चुनौती भी कम हो गई है। मेरे लिए आसान पिच पर 220 रन का पीछा करने से ज्यादा रोमांच चुनौतीपूर्ण पिच पर 180 या 160 रन का पीछा करने में है।

## लोग मेरी बैटिंग को भूल जाते हैं: क्रुणाल पांड्या



**बेंगलुरु।** भारतीय और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने इस बारे में बात की कि कैसे उनकी बैटिंग को एक स्किल के तौर पर नजरअंदाज किया जाता है और कैसे उनका लक्ष्य अभी भी देश का प्रतिनिधित्व करना है जबकि उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच लगभग 5 साल पहले खेला था। क्रुणाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुके पॉडकास्ट के टीजर में बोल रहे थे और उनके शब्दों में दर्द साफ छलक रहा था। यह अनुभवी ऑलराउंडर फाइनल में पंजाब किंग्स के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहा था, जिसमें उसकी 2/17 की कसी हुई गेंदबाजी ने ख़िताब जीतने में मदद की थी। इस प्रतियोगिता के पिछले सीजन में क्रुणाल दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे जो तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (22 विकेट) के बाद थे।

## मोहनलाल के साथ अपनी 100वीं फिल्म करेंगे प्रियदर्शन



**प्रियदर्शन ने बतौर निर्देशक 'पूचक्कोरु मूक्कुथी' से डेब्यू किया था। अब प्रियदर्शन अपनी 100वीं फिल्म लेकर आ रहे हैं। अपनी 100वीं फिल्म में प्रियदर्शन उसी अभिनेता के साथ काम करेंगे, जिनके साथ उन्होंने अपनी डेब्यू फिल्म की थी।**

प्रियदर्शन और मोहनलाल की जोड़ी बहुत खास है, क्योंकि मोहनलाल ने प्रियदर्शन की पहली फिल्म 'पूचक्कोरु मूक्कुथी' में भी मुख्य भूमिका निभाई थी। अब उनकी 100वीं फिल्म में भी मोहनलाल हीरो होंगे।

### किस पर आधारित होगी फिल्म

प्रियदर्शन की 100वीं फिल्म का नाम अभी नहीं तय हुआ है। यह कॉमेडी नहीं, बल्कि एक म्यूजिकल फिल्म हो सकती है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की उम्मीद है। हो सकता ही कि इस फिल्म की शूटिंग 2026 में ही शुरू हो जाए। इस फिल्म को एंटनी पेरुंबावूर की कंपनी बनाएगी। बिनु जॉर्ज अलेक्जेंडर इसके सह–निर्माता हैं।

### मोहनलाल का पोस्ट

मोहनलाल ने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म को लेकर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि यह पल सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सभी लोगों का है जो इस सफर के गवाह बने। उन्होंने प्रियदर्शन को बधाई दी और कहा कि 100 फिल्में सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि जुनून, लगन और सिनेमा के जादू की पूरी जिंदगी हैं। वह इस ऐतिहासिक फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।



## करण जौहर के 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन का हिस्सा होंगी नेहा

करण जौहर द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की घोषणा हो चुकी है। इसके बाद से ही लगातार दूसरे सीजन के कंटेस्टेंट को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसमें कई सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं। अभिनेत्री नेहा धूपिया के भी 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आने की चर्चाएं थीं। अब अभिनेत्री ने खुद इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई बताई है।

### करण जौहर के शो का हिस्सा नहीं हैं नेहा धूपिया

'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन में बतौर कंटेस्टेंट अपने नाम को लेकर चल रही अफवाहों पर नेहा धूपिया ने विराम लगा दिया है। नेहा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करके इस मामले को स्पष्ट किया। उन्होंने लिखा, 'न तो मैं 'ट्रेटर' हूं और न ही 'इन्नोसेंट'। मैं बस डबल डेट पर जाने में व्यस्त हूं। जल्द आ रहा है।'

अपनी पोस्ट के जरिए नेहा ने न सिर्फ करण जौहर के शो का हिस्सा होने से इनकार किया, बल्कि एक आगामी प्रोजेक्ट की ओर भी इशारा किया। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन उनकी पोस्ट ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता जगा दी है।

### राजस्थान में चल रही शो की शूटिंग

'द ट्रेटर्स' की शूटिंग फिलहाल राजस्थान में चल रही है। कई मशहूर हस्तियों के नाम संभावित प्रतियोगियों के तौर पर ऑनलाइन सामने आ रहे हैं। नेहा का




नाम भी शो में शामिल होने की अफवाहों में था। लेकिन फिलहाल अब नेहा धूपिया ने इस शो का हिस्सा होने से साफ इनकार कर दिया है।

### चर्चा में है इन हस्तियों का नाम

'द ट्रेटर्स' के संभावित कंटेस्टेंट में कई हस्तियों के नाम चर्चा में बने हुए हैं। इनमें लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा कथित तौर पर 'द ट्रेटर्स' में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इसके अलावा रिया चक्रवर्ती, शालिनी पासी, मुनव्वर फारूकी और मल्लिका शेरावत इस सीजन के बड़े नामों में शामिल हैं। यूट्यूब पर्सनैलिटी फुकरा इंसान (अभिषेक मल्हान) और कॉमेडियन कुल्लू का भी नाम शामिल है।

### उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने जीता था पहला सीजन

शो का पहला सीजन अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया पर प्रसारित हुआ था। पहला सीजन अभिनेत्री–फैशनिस्टा उर्फी जावेद और पोकर खिलाड़ी निकिता लूथर ने संयुक्त रूप से जीता था। करण जौहर ने पहले सीजन को होस्ट किया था। अब दूसरे सीजन को भी वो ही होस्ट करेंगे।

## धुरंधर 2 फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, बल्कि एक स्टेटमेंट है, हर फ्रेम युद्ध के नगाड़े जैसा




आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर : द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। अब 'कांतारा' के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुके एक्टर ऋषभ शेट्टी ने फिल्म देखने के बाद आदित्य धर के विजन की जमकर तारीफ की है। ऋषभ ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर फिल्म की कास्ट और क्रू की तारीफ की। ऋषभ ने धुरंधर 2 को सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक स्टेटमेंट बताया है।

### ऋषभ बोले– फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, एक स्टेटमेंट

ऋषभ शेट्टी ने अपने ङ्क (ट्विटर) अकाउंट पर लिखा कि 'धुरंधर 2' का पहला ही सीन दर्शकों को खुद से जोड़ लेता है और अंत तक बांधे रखता है। उन्होंने आदित्य धर की तारीफ करते हुए कहा, 'फिल्म का हर फ्रेम युद्ध के नगाड़े की तरह बजता है। यह सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक स्टेटमेंट है। शानदार कहानी और डिटेलिंग देखकर बहुत खुशी हुई।' ऋषभ ने फिल्म की एडिटिंग और बैकग्राउंड म्यूजिक की भी तारीफ की।

ऋषभ शेट्टी ने फिल्म के कलाकारों– आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, रणवीर सिंह, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी के अभिनय को जबरदस्त बताया। उन्होंने सिनेमैटोग्राफर विकास नवलखा और म्यूजिक डायरेक्टर शाश्वत सचदेव को भी बधाई दी। इस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए लिखा, 'आपके मुंह से तारीफ मिलना बहुत मायने रखता है। मैं खुद 'कांतारा' का बहुत बड़ा फैन हूं, इसलिए आपके शब्द मेरे लिए बेहद स्पेशल हैं। '





## मैं तुम्हारा हूं और तुम मेरी...अपने बर्थडे पर सुकेश ने

# जैकलीन फर्नांडीज़

## को लिखा लेटर, बोला- मुझे माफ कर दो

देश का सबसे बड़ा ठग सुकेश चंद्रशेखर फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज़ को अक्सर जेल से लव लेटर लिखता रहा है. कथित तौर पर कभी दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे थे. हालांकि जैकलीन ने कभी अपने रिश्ते पर कुछ नहीं कहा. मगर वो लगातार एक्ट्रेस को जेल से ही लेटर लिखता रहा है. अब एक बार फिर सुकेश ने जैकलीन फर्नांडीज़ को जेल से लेटर लिखा है. इस बार अपने जन्मदिन के मौके पर उसने एक्ट्रेस के लिए अपने प्यार का इजहार किया है. लेटर के साथ सुकेश ने एक तस्वीर भी शेयर की है.अपने इस कथित प्रेम पत्र में उसने लिखा है, जैकी शेखर फॉरएवरज्मेरी बेबी गर्ल जैकी, आज मेरे जन्मदिन पर, सब कुछ अधूरा सा लग रहा है. क्योंकि वो एक इंसान, जो मेरी ज़िंदगी के हर पल को मायने देता हैवो मेरे पास नहीं है- तुम. जिस दिन लोग शोर, तोहफों और हंसी के साथ जश्न मनाते हैं- आज मुझे सिर्फ तुम्हारी कमी महसूस हो रही है. मुझे तुम्हारी आवाज़, तुम्हारी मुस्कान, तुम्हारा मेरे पास होना याद आ रहा है. आज तुम मुझे जिस तरह देखती, वो भी याद आ रहा है. इस दिन, जो मेरे लिए खास होना चाहिए था, मैं सिर्फ ये सोच रहा हूं कि मैं तुम्हें कितना मिस कर रहा हूं- जिस तरह तुम इस दिन को मेरे लिए जादुई बना देती थींज्और वो वादा कि हम एक-दूसरे के खास दिन साथ मिलकर उम्रभर मनाएंगे. आज इस दूरी से मैं तुम्हें लाखों उड़ते हुए किस भेज रहा हूं, जिनमें मेरा सारा प्यार, मेरी तड़प और मेरे आंसू शामिल हैं.



पत्र में सुकेश ने अपनी जिंदगी के मुश्किल वक्त की भी बात की. वो लिखता है, अपनी बेबी, ज़िंदगी हमें एक ऐसे तूफान से गुज़ार रही है, जिसकी मैंने कभी कल्पना नहीं की थी. एक ऐसा तूफान, जिसमें सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि तुम भी मेरी लड़ाइयों की वजह से उलझ गई. और इसके लिए मेरे दिल में हर दिन एक अपराधबोध रहता है. लेकिन इन सबके बावजूद- अदालतों, अफरा-तफरी और इस दूरी के पार, एक सच्चाई कभी नहीं बदली. तुम मेरी सबसे बड़ी नेमत हो. सिर्फ प्यार में नहीं, बल्कि ज़िंदगी में भी.

**पेरिस के ब्रिज पर 'शेखर और जैकी' का नाम लॉक!**

वो लिखता है, आज, अपने इस खास दिन पर, मैंने कुछ ऐसा किया है जो मैंने पहले कभी नहीं किया. हमेशा की तरह महंगे और दिखावटी तोहफों की जगह, जो मैं तुम्हें और खुद को दिया करता था, मैंने खुद को एक हमेशा रहने वाला तोहफा दिया- तुम्हारी तरफ सेज्मैंने किसी को पेरिस भेजा- हमारा पसंदीदा शहर, प्यार और फूलों का शहर. और खूबसूरत डेबिली फुटब्रिज पर. अब एक लव लॉक है, जिस पर हमारे नाम लिखे हैं- 'शेखर और जैकी', जो हम एक-दूसरे को बुलाते हैं. वो लॉक हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है, पेरिस के आसमान के नीचे उसकी चाबी? वो सीन नदी में फेंक दी गई है, जो उस पुल के नीचे बहती है. वो कभी खोली नहीं जा सकती. बिल्कुल मेरे दिल की तरह, जो अब कभी किसी और के लिए नहीं खुलेगा- सिर्फ तुम्हारे लिए, हमेशा के लिए.

**पेरिस के ब्रिज पर 'शेखर और जैकी' का नाम लॉक!**

वो लिखता है, आज, अपने इस खास दिन पर, मैंने कुछ ऐसा किया है जो मैंने पहले कभी नहीं किया. हमेशा की तरह महंगे और दिखावटी तोहफों की जगह, जो मैं तुम्हें और खुद को दिया करता था, मैंने खुद को एक हमेशा रहने वाला तोहफा दिया- तुम्हारी तरफ सेज्मैंने किसी को पेरिस भेजा- हमारा पसंदीदा शहर, प्यार और फूलों का शहर. और खूबसूरत डेबिली फुटब्रिज पर. अब एक लव लॉक है, जिस पर हमारे नाम लिखे हैं- 'शेखर और जैकी', जो हम एक-दूसरे को बुलाते हैं. वो लॉक हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है, पेरिस के आसमान के नीचे उसकी चाबी? वो सीन नदी में फेंक दी गई है, जो उस पुल के नीचे बहती है. वो कभी खोली नहीं जा सकती. बिल्कुल मेरे दिल की तरह, जो अब कभी किसी और के लिए नहीं खुलेगा- सिर्फ तुम्हारे लिए, हमेशा के लिए.

## फेक फोटो पर भड़कीं कुनिका सदानंद, कुमार सानू के साथ तस्वीर देख खोया आपा, बोलीं- 'शर्म करो, वो शादीशुदा हैं'




बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री और हाल ही में 'बिग बॉस 19' में अपनी बेबाकी से चर्चा बटोरने वाली कुनिका सदानंद एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं. हालांकि, इस बार वजह कोई फिल्म या शो नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उनकी एक 'फेक' (एआई जनरेट) तस्वीर है. मशहूर सिंगर कुमार सानू के साथ अपनी एक कथित फोटो देख कुनिका का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है और उन्होंने इसे पोस्ट करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दे डाली है.दरअसल, इंटरनेट पर कुनिका और कुमार सानू की एक तस्वीर तेजी से सर्कुलेट हो रही है, जिसे कुनिका ने पूरी तरह से फर्जी करार दिया है. इस तस्वीर को री-शेयर करते हुए अभिनेत्री ने पोस्ट डालने वाले शख्स को जमकर लताड़ लगाई. कुनिका ने लिखा, शर्म कीजिए, फोटो में ये जो इंसान है, वो शादीशुदा है और उनके बच्चे भी हैं. आप लोगों को पता होना चाहिए कि कोर्ट ने उन्हें उनके 'पर्सनैलिटी राइट्स' दिए हैं. इस तरह की हरकत के लिए आप बड़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं.

**सोशल मीडिया यूजर को दे डाली धमकी**

कुनिका ने साफ शब्दों में कहा कि उनकी या कुमार सानू की निजी जिंदगी को इस तरह के 'फैंडम वॉर' (प्रशंसकों की आपसी लड़ाई) में घसीटना गलत है. उन्होंने तमाम यूजर्स को चेतावनी देते हुए कहा,दूसरों की प्राइवेसी का सम्मान करना सीखो. मैं तुम्हारे खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने जा रही हूं, बेहतर होगा कि इस फोटो तुरंत हटा दो.

**अफेयर को लेकर पहले भी रही हैं बेबाक**

कुनिका का ये गुस्सा हैरान करने वाला है क्योंकि कुछ समय पहले ही कुनिका ने एक इंटरव्यू में कुमार सानू के साथ अपने पुराने रिश्तों पर खुलकर बात की थी. एक मशहूर पॉडकास्ट में उन्होंने खुद बताया था कि एक दौर था, जब वो शादीशुदा कुमार सानू के साथ रिलेशनशिप में थीं. उन्होंने बताया था कि उनकी पहली मुलाकात एक दोस्त के घर पर हुई थी. कुनिका खुद भी गायकी का शौक रखती थीं और अक्सर शोज के लिए कुमार सानू के साथ टूर पर जाया करती थीं. लेकिन अब पुरानी बातों को आधार बनाकर फर्जी तस्वीरें वायरल करने पर कुनिका ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है.

## पवन सिंह का आ रहा एक और धमाकेदार गाना, गोरखपुर में इस दिन होगा लॉन्च




पवन सिंह न सिर्फ एक बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि एक काबिल गायक भी हैं. उनकी गायकी के जलवे को बॉलीवुड फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था, जहां काटी रात मैंने खेतों में को उन्होंने आवाज दी थी. इस गाने ने खूब धूम मचाई और आज भी इस गाने को खूब पसंद किया जाता है. पवन सिंह को बॉलीवुड में भी एक अलग पहचान मिल रही है. इसी बीच उनका एक नया गाना भी आने वाला है.

मृणाल ठाकुर और आदीवि सेष की फिल्म डकैत से पवन सिंह का गाना टच बडी जल्द ही रिलीज होने वाला है. खबरों की मानें तो आने वाली 28 मार्च को गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में इस गाने का ग्रैंड लॉन्च किया जाएगा. पवन सिंह की फैन फॉलोइंग से हर कोई वाकिफ है, ऐसे में उनके फैंस को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है.



**अब साउथ में जादू चलाएंगे पवन सिंह**

मजेदार बात ये है कि भोजपुरी और बॉलीवुड में अपनी आवाज का जादू चलाने के बाद अब पवन साउथ इंडस्ट्री की तरफ भी बढ़ चले हैं. खास बात ये है कि इस गाने में क्वीन ऑफ द चार्ट्स कही जाने वालीं जोनिटा गांधी भी अपनी आवाज दे रही हैं.

दोनों की आवाज में ये गाना तबाही मचाने वाला है. पवन ने इस गाने का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया था.

**पत्नि से तलाक को लेकर बटोर रहे सुर्खियां**

बात करें पर्सनल लाइफ की तो इस वक्त एक्टर अपनी शादी से जुड़े विवादों का सामना कर रहे हैं. पवन और उनकी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह के बीच विवाद है, जहां दोनों ने तलाक की मांग की है और बुधवार को इसी सिलसिले में पवन सिंह आरा की सिविल कोर्ट में हाजिर भी हुए थे. यहां कोर्ट के सामने पॉवर स्टार ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि वो अब पत्नि के साथ नहीं रहना चाहते और उन्हें जो भी वन टाइम सेटेलमेंट के लिए कहा जाएगा, वो मानेंगे.



## 'धुरंधर 2' की तारीफ करते हुए

# अमीषा पटेल

## ने इंडस्ट्री पर साधा निशाना, कहा- असली एक्टर्स लाओ

बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त सिर्फ एक ही नाम का शोर है और वो नाम है 'धुरंधर 2'. रणवीर सिंह की इस फिल्म ने न सिर्फ कमाई के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं, बल्कि फिल्म जगत के दिग्गजों को भी अपना मुरीद बना लिया है. अब इस कड़ी में 'गदर' फेम एक्ट्रेस अमीषा पटेल का नाम भी जुड़ गया है, जिन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए बॉलीवुड की दुखती रग पर हाथ रख दिया है.अमीषा पटेल ने सोशल मीडिया हैंडल 'ङ्ग' (पहले ट्विटर) पर फिल्म को 'आई ओपनर' (आंखें खोलने वाला) बताया है. उन्होंने निर्देशक आदित्य धर की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इंडस्ट्री को अब 'प्रोजेक्ट' बनाना बंद कर 'फिल्में' बनाने पर ध्यान देना चाहिए.




**जानें अपने ट्वीट में क्या बोलीं अमीषा**

अमीषा ने बॉलीवुड के मौजूदा ट्रेंड पर निशाना साधते हुए लिखा, इंडस्ट्री धुरंधर की तारीफ कर रही है, ये देखकर बहुत अच्छा लगा. मेकर्स को समझना होगा कि आदित्य ने फिल्म बनाई है, कोई प्रोजेक्ट नहीं. उन्होंने असली एक्टर्स को कास्ट किया है, न कि उन इंस्टाग्रामर्स को जो सिर्फ पार्टियों में ट्रेंड होते हैं. प्रोजेक्ट्स बनाना बंद करो और फिल्में बनाना शुरू करो.

**रजनीकांत से लेकर एसएस राजामौली तकज्हर कोई फिदा!**

धुरंधर 2 का जादू सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सिर चढ़कर भी बोल रहा है. बॉलीवुड से जहां आलिया भट्ट, सिद्धार्थ मल्होत्रा, आयुष्मान खुराना और रितेश देशमुख ने फिल्म की सराहना की है, वहीं साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत, जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जुन और महेश बाबू भी रणवीर सिंह की एक्टिंग के फैन हो गए हैं. दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली और नगार्जुन ने भी इस फ्रेंचाइजी को सिनेमा के लिए एक बेहतरीन उपलब्धि बताया है.

**बॉक्स ऑफिस पर 'सुनामी', 800 करोड़ के पार!**

कमाई के मामले में 'धुरंधर 2' ने तबाही मचा रखी है. रिलीज के पहले सोमवार को ही फिल्म ने भारत में करीब 65 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. इसी के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है. लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 844.76 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. जिस रफ्तार से फिल्म आगे बढ़ रही है, मेकर्स को उम्मीद है कि ये जल्द ही 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी.

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन किया

# पश्चिम एशिया युद्ध के संकट से देश को एकजुट होकर लड़ना है: मोदी





नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा।

पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है। प्रधानमंत्री ने कहा- देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इसके चलते कई देशों में संकट पैदा हो गया है। भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर बोझ न पड़े। 140 करोड़ देशवासी इस मुसीबत का एकजुट होकर सामना करें।

### 'नोएडा को पहले अपने हाल पर छोड़ दिया गया था'

नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। अखिलेश इतने डरे हुए थे कि वे कार्यक्रम में आए ही नहीं। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया- नोएडा मत जाइए। अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।

### सपा ने पश्चिमी यूपी को लूट का एटीएम बना दिया था

सपा ने पश्चिमी यूपी को लूट का एटीएम बना दिया था। जब हमारी सरकार बनी तो यूपी में सपा की सरकार थी। शुरू के 2-3 सालों में उन्होंने जेवर एयरपोर्ट का काम नहीं होने दिया, लेकिन जैसे ही यहां भाजपा सरकार बनी तो जेवर एयरपोर्ट की नींव पड़ी, निर्माण हुआ और अब शुरू भी हो गया।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना प्रस्तावित है। पूरा बनने की डेडलाइन 2040 है। नोएडा एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े अफसरों ने बताया- एयरपोर्ट से फ्लाइट मई से शुरू हो सकती है।

### इजराइल की ईरान पर 50 फाइटर जेट से एयरस्ट्राइक

# एटमी ठिकानों को निशाना बनाया

### ईरान ने सऊदी पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं



तेल अवीव/तेहरान

ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है।

वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अमेरिका-ईरान के बीच जंग में अब यमन की एंट्री

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग में अब यमन की एंट्री हो गई है। हूतियों ने इजरायल पर हमला किया है। यमन से बैलिस्टिक मिसाइल हमले के कारण दक्षिणी इजरायल के बीरशेबा और आस-पास के कस्बों में सायरन बज उठे।

### रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा

**मॉस्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं।

### नेपाल- बालेन के प्रधानमंत्री बनते ही पूर्व पीएम ओली गिरफ्तार



नेपाल

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए GEN-Z प्रोटेस्ट के मामले में हुई है। यह कार्रवाई उस समय हुई, जब कल ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के मुताबिक, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे काठमांडू के पास स्थित सूर्यविनायक इलाके से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है। एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए। इस मामले में 10 साल तक की सजा हो सकती है। रिपोर्ट में कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही गई है। पिछले साल हुए इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत हो गई थी और अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ था।

## राजस्थान में बारिश-ओले गिरेने की चेतावनी, कश्मीर में एवलांच से 7 की मौत



जयपुर

देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम में बदल रहा है। राजस्थान में शनिवार से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इसका असर प्रदेश के सभी जिलों में रहेगा। बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। वहीं मध्य प्रदेश में 29 मार्च से लगातार 3 दिन बारिश की संभावना है। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के करीब 40 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। हालांकि, शनिवार को प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को लखनऊ, कानपुर समेत 10 जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई। अगले 5 दिनों तक मौसम ऐसे ही रहेगा। कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं। बिहार में आधी रात को पटना समेत 5 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। आज 38 जिलों में अलर्ट जारी किया है।


हिमाचल प्रदेश में अगले छह दिन तक बर्फबारी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच से बड़ा हादसा हुआ, जिसमें कई गाड़ियां बर्फ में दब गईं और 7 लोगों की जान चली गई।

## इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

### वाइब्रेशन के बाद एक इंजन बंद हुआ, 160 पैसेंजर सवार थे

नई दिल्ली

विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। दिल्ली के पास पहुंचते समय विमान के इंजन नंबर-1 में खराबी आई। पायलट को CFM-56 इंजन में तेज वाइब्रेशन महसूस हुआ, इसके बाद इंजन बंद हो गया। पायलटों ने इमरजेंसी घोषित की। दिल्ली एयरपोर्ट से मदद मांगी। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक सुबह 10.53 बजे इमरजेंसी कॉल आया। टीम को अलर्ट पर रखा गया। विमान ने रनवे 28 पर सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू उतारे गए।




विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी। स्ह्क्क के तहत रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं।

### विमान की जांच जारी

फ्लाइट 6E 579 में लैंडिंग से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी सामने आई। सावधानी बरतते हुए और तय नियमों के मुताबिक पायलटों ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पहले लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली के आईजीआई पर उतारा गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई। विमान की जांच और जरूरी मेंटेनेंस किया जा रहा है।

जनवरी 2025 से देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई। इनमें से 377 विमानों में बार-बार आने वाली खराबियों की पहचान हुई। यानी एक ही खराबी बार-बार सामने आई, भले ही उसे पहले ठीक कर दिया गया था।

### हाईकोर्ट ने पलटा मेडिकल कॉलेज का फैसला, कहा-

## वैधानिक नियमों से ऊपर नहीं नीट पीजी 'इंफॉर्मेशन बुलेटिन', 7 दिन में दें एडमिशन

जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ ने नीट पीजी 2025 में एमडी कोर्स में प्रवेश से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी की एकल पीठ ने स्पष्ट किया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की अधिसूचना और PGMER-2000 से मिलकर बने वैधानिक ढांचे को काउंसलिंग के किसी 'इंफॉर्मेशन बुलेटिन' के जरिए कमजोर या कठोर नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने जोधपुर की डॉ. संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज द्वारा एक छात्रा का प्रवेश निरस्त करने वाले आदेश को अवैध मानते हुए रद्द कर दिया है और याचिकाकर्ता को सात दिन के भीतर प्रवेश देने के निर्देश दिए हैं।

कोटा निवासी डॉ. पर्णिका शर्मा ने एडवोकेट यशपाल खिलेरी के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया कि शर्मा ने साल 2023 में छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस पूरी की थी और 25 अगस्त 2023 को वहां की मेडिकल काउंसिल से 'प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन' प्राप्त किया था। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद वह राज्य के बांड नियमों के तहत 24 अगस्त 2024 से बस्तर के एक सरकारी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में सेवाएं दे रही हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि ह्रस्ब्ह्र की 29 दिसंबर 2023 की अधिसूचना के क्लॉज 4.1 के अनुसार, जब तक नेक्स्ट लागू नहीं होता, तब तक पीजी प्रवेश पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 2000 के तहत ही होंगे।

### रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा:1 अप्रैल से बैन शुरू



**भारत पर कम, चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर**

मॉस्को

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।रूस के फैसले का भारत पर कितना असर एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है।

### कोटा में मदर डेयरी सफल डिवीजन के आउटलेट खुलेंगे

## अमूल मॉडल की तर्ज में कोटा-बूंदी में होगा डेयरी उद्योग का विकास: बिरला

कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कोटा-बूंदी में डेयरी उद्योग के विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। संसद भवन कार्यालय में हुई इस बैठक में केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के साथ चर्चा हुई। बैठक में डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार, दुग्ध प्रसंस्करण व विपणन के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने व डेयरी मूल्य श्रृंखला के डिजिटलीकरण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही खाद प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। डेयरी बोर्ड के अधिकारियों ने बताया- कोटा-बूंदी में



डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना बनी है। इसके तहत कोटा में मदर डेयरी के सफल डिवीजन के 15 आउटलेट खुलेंगे, जिनकी संख्या को कोटा-बून्दी में 100 तक ले जाया जाएगा। कोटा-बूंदी क्षेत्र में छोटी बायोगैस इकाइयों और सालभर हरे चारे की उपलब्धता के लिए चारा उत्पादन प्लांट स्थापित किए जाएंगे। मदर डेयरी द्वारा दिल्ली की तर्ज पर कोटा में फार्मर टू कंज्यूमर मॉडल को स्थापित किया जाएगा। इसके लिए वेल्यू चैन बनाई जा रही है। कुछ महीने में 105 टन से अधिक फल और सब्जी की खरीद की गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दुग्ध सहकारिता के सफल मॉडल के रूप में स्थापित अमूल का उदाहरण देते हुए निर्देश दिए कि कोटा दुग्ध संघ भी उसी प्रकार अपने कार्यों का विस्तार करे। साथ ही उन्होंने कोटा दुग्ध संघ एवं उजाला एमपीओ के माध्यम से गांव-गांव में डेयरी सहकारिता का विस्तार करने, उत्पादक सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने, मिल्क कलेक्शन पॉइंट्स पर इलेक्ट्रॉनिक दूध परीक्षण उपकरण एवं बल्क मिल्क कूलर्स स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही दुग्ध उत्पादकों को उनके बैंक खातों में 100 प्रतिशत डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। बिरला ने कहा कि दुग्ध संकलन को अधिकतम किया जाए, ताकि कोटा-बूंदी के किसान एवं पशुपालक पशुपालन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें। इस दिशा में उन्होंने कोटा-बूंदी दुग्ध संघ के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए।

## ममता सरकार के खिलाफ भाजपा की चार्जशीट

### अमित शाह बोले-ये भय से मुक्ति का चुनाव

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है। अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की



सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया।

तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है। टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं।

# राजस्थान में बीजेपी को 87, कांग्रेस को 25 करोड़ डोनेशन

### बिजनेस घरानों ने दिया 69 करोड़ का चंदा, जानिए- किसने कितना पैसा दिया

जयपुर

राजस्थान में साल 2024-25 में राजनीतिक पार्टियों को कुल 112.97 करोड़ का चंदा मिला है। सबसे ज्यादा 87.51 करोड़ बीजेपी को और कांग्रेस को 25 करोड़ मिले हैं। चुनाव आयोग में राजनीतिक पार्टियों की तरफ से दिए गए चंदे के ब्यौरे पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी को ही सबसे ज्यादा डोनेशन मिला है। बाकी पार्टियों को नाममात्र की रकम




मिली है। आम आदमी पार्टी को 39 लाख और सीपीआई (एम) को 7 लाख रुपए मिले हैं।

### राजस्थान में 77.46% चंदा BJP को, कांग्रेस को 22.12%

प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों को दिए गए चंदे में सबसे ज्यादा 77.46% रकम BJP के पास आया है। कांग्रेस को कुल 22.12% चंदा मिला है। बाकी पार्टियों की इसमें 1 फीसदी की हिस्सेदारी भी नहीं है।

### बिजनेस घरानों ने दिया सबसे ज्यादा डोनेशन

पार्टियों को चंदा देने में राजस्थान देश में 7वें नंबर पर है। राजस्थान में कॉर्पोरेट और बिजनेस घरानों ने पार्टियों को 69.271 करोड़ दिए हैं। व्यक्तिगत दानदाताओं की बात करें तो रकम करीब 43.70 करोड़ है।

### जोधपुर के सत्यनाराण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ दिए

व्यक्तिगत कैटेगरी में राजस्थान से सबसे ज्यादा चंदा जोधपुर के सत्यनारायण धूत ने दिया है। सत्यनारायण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ चंदा दिया है। इसके बाद जोधपुर के संजय धूत ने बीजेपी को 7 करोड़ का चंदा दिया है। जोधपुर के ही अनिश धूत ने बीजेपी को 2 करोड़ और दिनेश धूत ने 1 करोड़ दिए हैं।

### वंडर सीमेंट ने 11 करोड़ दिए

राजस्थान की कंपनियों में सबसे ज्यादा बीजेपी को हिंदुस्तान जिंक और श्री सीमेंट ने 15-15 करोड़ दिए हैं। वंडर सीमेंट ने 11 करोड़, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, उदयपुर ने 5 करोड़ और जोधपुर की श्रीराम इंडस्ट्रीज ने 3 करोड़ रुपए का चंदा दिया है।

### हिंदुस्तान जिंक ने बीजेपी को 15 करोड़, कांग्रेस को 10 करोड़ दिए

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने साल 2024-25 में बीजेपी को 15 करोड़ और कांग्रेस को 10 करोड़ का चंदा दिया। हिंदुस्तान जिंक कांग्रेस को सर्वाधिक चंदा देने वालों में शामिल है। हिंदुस्तान जिंक की पेरेंट ग्रुप की कंपनी वेदांता ने बीजेपी को 67 करोड़ रुपए दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, —mail bheempragya@gmail.com